दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 92
कोटद्वार गुरूवार
27 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# देहरादून और पिथौरागढ़ में खुलेगें अतिरिक्त जिला सैनिक कल्याण कार्यालय : धामी

**◆सीएम ने कारगिल शहीदों को दी श्रद्धाजंलि, शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित**
**◆देश भक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) पर गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीदों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि देहरादून एवं पिथौरागढ़ में एक-एक अतिरिक्त जिला सैनिक कल्याण कार्यालय खोला जायेगा। प्रदेश में सैनिक द्वार एवं स्मारकों की देखरेख सैनिक कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कारगिल लड़ाई में हमारे जवानों ने अदम्य साहस, वीरता एवं पराक्रम का परिचय देते हुए माँ भारती की रक्षा की। कारगिल में भारत के रणबांकुरों का दुश्मन के खिलाफ किया गया सिंहनाद आज तक उसी वेग से गूंज रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने कारगिल युद्ध में जिस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। कारगिल युद्ध में उत्तराखण्ड से 75 वीर सपूत शहीद हुए। जिस सांस्कृतिक परिवेश और विचारों ने हम सभी को पोषित किया है, उस संस्कृति में मान्यता है कि देश भक्ति सभी प्रकार की भक्तियों में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेना के साथ उनका रिश्ता आत्मीयता का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि अपने पिता जी से सुनी सैन्य वीरों की गाथाओं ने उन्हें बचपन से ही बहुत प्रभावित किया और उनके अंदर राष्ट्र के प्रति संपूर्ण समर्पण की भावना को जागृत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है। शहीद सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को उसकी योग्यता अनुसार सरकार द्वारा सेवायोजित किया जा रहा है। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा राज्य के वीरता पदक से अलंकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिकी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। परमवीर चक्र विजेता को 30 लाख से 50 लाख, अशोक चक्र 30 लाख से 50 लाख, महावीर चक्र 20 लाख से 35 लाख, कीर्ति चक्र 20 लाख से 35 लाख, वीर चक्र और शौर्य चक्र 15 से 25 लाख और सेना गेलेन्ट्री मेडल 07 लाख से 15 लाख करने को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून के गुनियालगाँव में शहीदों की स्मृति में अत्याधुनिक एवं विभिन्न सुविधाओं से युक्त 'शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा युद्ध विधवा एवं युद्ध अपंग सैनिकों को दो लाख रुपये की आवासीय सहायता प्रदान की जा रही है। उत्तराखण्ड में सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 लाख मूल्य की सम्पत्ति के खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य की गयी है। इस मौके पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजानदास, श्रीमती सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, अनिल गोयल, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, एसएसपी दलीप सिंह कुंवर, निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल, पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर जनरल शम्मी सभरवाल, मेजर जनरल देवेश अग्निहोत्री, ब्रिगेडियर दिनेश बडोला पूर्व सैनिक और शहीदों के परिवार जन उपस्थित थे।



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कारगिल शहीद के परिजन को सम्मानित करते हुए।**

# ज्ञानवापी सर्वे पर लगी रोक

**गुरुवार को साढ़े तीन बजे हाईकोर्ट फिर से करेगा मामले पर सुनवाई**

**प्रयागराज, एजेंसी।** ज्ञानवापी सर्वे पर लगी रोक कल तक बढ़ गई है। गुरुवार को साढ़े तीन बजे फिर से इलाहाबाद हाईकोर्ट मामले पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर ने ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कराये जाने के मामले में दाखिल अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए एएसआई के वैज्ञानिक को आज 4.30 बजे तलब किया था। एएसआई की ओर से वैज्ञानिक आलोक त्रिपाठी कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जीपीआर विधि और फोटोग्राफी विधि से कैसे सर्वेक्षण होगा। साथ ही एएसआई वैज्ञानिकों ने बताया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से मूल ढांचे को कोई नुकसान नहीं होगा। इस बीच कोर्ट ने एएसआई से पूछा कितने सर्वे हो चुका है? कब तक पूरा कर लेंगे सर्वे? इस पर एएसआई ने कहा अगर अनुमति मिली तो 31 जुलाई तक सर्वे पूरा हो जाएगा।

कोर्ट एएसआई से यह स्पष्ट करना चाहती है कि सर्वे के दौरान कोई क्षति हो सकती है।

# दोस्त व भाई के साथ घूमने आए युवक की खोह नदी में डूबने से मौत

**बुधवार शाम कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य लालपुल के समीप नदी के तट पर खड़े थे युवक , घटनास्थल से करीब पांच सौ मीटर आगे खोह नदी के बीच से बरामद हुआ शव**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर के नजीबाबाद से कोटद्वार घूमने आए एक युवक की खोह नदी में डूबने से मौत हो गई। युवक अपने छोटे भाई व दो दोस्तों के साथ कोटद्वार घूमने के लिए आया हुआ था। एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने घटनास्थल से करीब पांच सौ मीटर आगे लोक निर्माण विभाग के भंडार के समीप नदी के बीच फंसे शव को बरामद किया। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर उसे मोर्चरी में रख दिया है।

नजीबाबाद सुराई बाजार निवासी लवी (26) पुत्र ज्ञान चंद अपने छोटे भाई नकुल दोस्तों सनी व ऋषभ के साथ कोटद्वार घूमने के लिए आया हुआ था। इसी दौरान चारों युवक लालपुल के समीप खोह नदी का बहाव देखने के लिए नदी के तट पर स्थित एक बड़े पत्थर पर बैठ गए। कुछ देर बैठने के बाद जैसे ही लवी खड़ा हुआ तो अचानक उसका पैर फिसला और वह खोह नदी के तेज बहाव में बह गया। नदी के तट पर खड़े लवी के भाई नकुल व दोस्तों ने उसे बचाने का भी प्रयास किया। लेकिन, तब तक वह बहता हुआ काफी दूर जा चुका था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाते हुए लवी की तलाश शुरू की।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि नदी में तलाशी के दौरान लोक निर्माण विभाग के गौदाम के समीप बकरी चुगा रहे व्यक्ति ने नदी के बीच पत्थरों में शव फंसे होने की सूचना दी। एसडीआरएफ ने नदी के बीच से शव बाहर निकाला। मृतक के भाई नकुल ने शव की पहचान की।



**कोटद्वार के खोह नदी से बरामद शव को बाहर लेकर आती पुलिस व एसडीआरएफ की टीम**

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग में कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जनपद के आश्रितों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस दौरान पुलिस की टुकड़ी द्वारा सलामी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा जनपद के वीर शहीद सैनिकों नायक सुनील दत्त कांडपाल, रायफल मैन शहीद भगवान सिंह व नायक शहीद गोविंद सिंह के आश्रितों को शॉल ओढकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले



छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। कारगिल शौर्य दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने सभी को शौर्य दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के लिए समर्पित दिन है। उ कहा कि सैनिकों के अदम्य पराक्रम के कारण हमें गौरवान्वित होने का अवसर मिला है। अति विशिष्ट अतिथि रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चैधरी ने वर्ष 1999 में भारत-पाक कारगिल युद्ध व भारतीय सैन्य की ऐतिहासिक वीरगाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में कुल 527 सैनिकों ने अपनी शहादत दी थी, जिनमें से अकेले 75 सैनिक उत्तराखंड राज्य तथा 03 सैनिक जनपद रुद्रप्रयाग से हैं। उन्होंने वीर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ष 26 जुलाई को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## अतिवृष्टि से कांदी गांव में भारी नुकसान

रुद्रप्रयाग : ऊखीमठ तहसील के ग्राम पंचायत कान्दी में अतिवृष्टि से भारी नुकसान हो रहा है। ग्राम पंचायत की गटपार तोक में अतिवृष्टि से कई खेत बह गए हैं। जाबरी-कान्दी-मोहनखाल मोटर मार्ग पर भी कई जगह मलबा आने से मार्ग बाधित हो गया है।

कुछ मकानों पर दरारें आई हैं। भारी बारिश के चलते गांव में कई मकानों को भी नुकसान हुआ है। जबकि सड़क के कई पुस्ते ढह गए हैं। मलबा आने के कारण सड़क बंद होने से ग्रामीण घरों में ही कैद हो गए हैं। गांव की पूर्णिमा देवी का मकान ढह गया है, हालांकि मकान में कोई नहीं रहता था।

जिससे जनहानि नहीं हुई। वहीं ओम प्रकाश भट्ट, संजय भट्ट के मकान में दरारें आ गई हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सुरक्षा एवं क्षति का आंकलन करते हुए मदद देने की मांग की है। (एजेंसी)

# वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत जिला स्तर पर योजनाओं का खाका तैयार

उत्तरकाशी : भारत-चीन सीमा से सटे नेलांग और जादुंग समेत करीब दस गांवों के समग्र विकास और आजीविका संवर्द्धन के लिए वाईब्रेंट विलेज योजना के तहत जिला स्तर पर योजनाओं का खाका तैयार कर लिया गया है। प्रस्तावित योजनाओं को अंतिम रूप देते हुए आगामी 31 जुलाई से पूर्व पोर्टल पर अपलोड कर केन्द्र सरकार की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। खेती-बागवानी, ग्रामीण अवस्थापना विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य एवं सड़क सुविधा योजना में शामिल है।जिला कार्यालय में विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान एवं जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला की मौजूदगी में हुई बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के साथ 'वाइब्रेंट विलेज' योजना के एक्शन प्लान पर विचार-विमर्श किया। बैठक डीएम ने अधिकारियों को योजनाओं के अंतिम प्रस्ताव एवं आगणन तैयार कर तीन दिनों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर्षिल में उपलब्ध उद्यान विभाग की जमीन का स्थानीय लोगों के हित में अधिकतम व बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार कराया जाएगा। उन्होंने विभागों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता पहले से तय हो और रोपवे-ट्रॉली आदि परियोजनाओं के मामले में यह भी देखा जाय कि इनसे हेलीकॉप्टर्स की उड़ानों पर कोई असर न पड़े। बैठक में विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि टकनौर क्षेत्र के सीमांत गांवों में बागवानी के विकास, खेती की घेरबाड़, पानी की निकासी, गांवों के आंतरिक मार्गों का सुदृढीकरण और पुलों की मरम्मत की योजनाओं को प्रमुखता दी जाय। उन्होंने जसपुर से जांगला तक सड़क के निर्माण के लिए प्रस्तावित महत्वपूर्ण योजना के पहले चरण का कार्य राज्य सेक्टर से कराए जाने का सुझाव देते हुए इस सड़क के लिए एकमुश्त प्राविधान किए जाने पर जोर दिया। सीडीओ गौरव कुमार ने बताया कि मुखबा धराली, हर्षिल, बगोरी, झाला, जसपुर, पुराली, सुक्खी सहित नेलांग व जादुंग गांवों की योजनाओं को शामिल किया गया है। बैठक में ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत, एसडीएम चतर सिंह चौहान भी रहे। (एजेंसी)

## विजय दिवस पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों ने कारगिल में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। नारायणबगड़ विकासखंड में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बुधवार को वीर सेनानी संगठन एवं पूर्व सैनिकों के द्वारा 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए सिमली निवासी सतीश चंद्र सती के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई इसके अलावा अन्य शहीदों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# कोट गांव में पहाड़ी से मलबा आने से छः भवन और सात मवेशी मलबे में दबे

टिहरी : बालगंगा तहसील में मध्य रात्रि से हो हुई मूसलाधार बारिश के कारण बूढाकेदार के कोट गांव में पहाड़ी खिसकने से गांव के छः आवासीय भवन मलबे में दब गये। मलबे के कारण घरों में बंधे सात मवेशी भी दफन हो गए। प्रभावित ग्रामीणों को प्रशासन की टीम ने अन्यत्र घरों में शिफ्ट कर हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है।बुधवार सुबह करीब नौ बजे के आसपास कोट गांव के ग्रामीण में नाशता खाने के बाद काम धंधे पर जाने की तैयारी में जुटे थे, कि तभी अचानक तेज गति से पहाड़ी से मलबा गांव की ओर आया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे, जिससे जनहानि होने से बच गई। ग्रामीण दीपक, सुंदर सिंह और गोपाल लाल के आवासीय भवन पूरी तरह मलबे में दब गए, जिसके कारण घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गए। साथ ही गोपाल लाल की दो गाय, एक जोड़ी बैल तथा तीन बछड़े भी मलबे में दब गए। इसके अलावा ग्रामीण उम्मेंद सिंह, जयेंद्र लाल और देवदास के घरों में भी मलबा आने से पूरा घरेलू सामान नष्ट हो गया। सूचना पर एसडीएम घनसाली केएन गोस्वामी, तहसीलदार महेशा शाह, लोनिवि, विद्युत और पशुपालन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर प्रभावितों परिवारों को अन्यत्र शिफ्ट किया। घटना से ग्रामीणों में दहशत बनी है, आपदा से हुए नुकासन के कारण प्रभावित परिवार सदमे में है। उन्होंने बताया अभी भी पहाड़ी से भूस्खलन जारी है, जिस कारण गांव के अन्य परिवारों में भी दहशत बनी है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हिम्मत रौतेला ने बताया कि वर्ष 2019 और 2000 में भी गांव के ऊपर पहाड़ी खिसकने से बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है, वर्ष 2019 में छह तथा 2000 में चार लोगों की की मौत हो गई थी। ग्रामीण मनोज लाल ने बताया कि तभी से गांव को विस्थापित करने की ग्रामीण मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक शासन प्रशासन की ओर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

## कारगिल दिवस पर शहीदों का भावपूर्ण स्मरण

ऋषिकेश। कारगिल दिवस की वर्षगांठ पर शहीदों को याद किया गया। विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने शहीदों की शहादत के बारे में लोगों को बताया। बुधवार को श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज में शौर्य दिवस पर कारगिल के शहीदों का भावपूर्ण स्मरण किया गया। प्रधानाचार्य मेजर गोविंद सिंह रावत ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन भारत की विजय के साथ उसका अंत हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है।

# साइकिल रैली व पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रिषिकेष। केंद्रीय विद्यालय रायवाला में पीएम श्री जनभागीदारी योजना के तहत साइकिल रैली निकाली गई और पौधरोपण किया। इसके जरिए फिट इंडिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बुधवार को केंद्रीय विद्यालय रायवाला में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य रमेश शर्मा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली में विद्यालय के 113 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पीएम श्री जनभागीदारी योजना के अंतर्गत 25 जुलाई से 28 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। खेल शिक्षक मनमोहन सिंह नेगी ने बताया कि साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है। विद्यालय से निकली रैली



विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए वापस विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान 259 फलदार पौधों का रोपण किया गया। मौके पर शिक्षिका अलका नेगी, नरेंद्र गंगवार, सबा परवीन, रमैया खान, याशिका विष्ट, प्रतिभा भंडारी, अनुराधा नेगी, कामिनी शर्मा, विजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जल्द मिलेगी मृतकों के परिजनों व घायलों को मुआवजा राशि


चमोली : चमोली सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में करंट हादसे में मारे गये और इस घटना में घायल हुए लोगों को राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा घोषित मुआवजा राशि जारी हो गई है। जिला अधिकारी हिमांशु खुराना ने सम्बंधित अधिकारियों को मुआवजा धनराशि का तत्काल वितरण करने के आदेश दे दिए हैं। जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी चंदन बनकोटी ने बताया चमोली एसटीपी करंट हादसे में मरे 16 व्यक्तियों एवं 12 घायल लोगों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 92 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई है। जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी चंदन बनकोटी ने बताया कि मृतक प्रति व्यक्ति के परिजन को 5 लाख रुपये और घायल प्रति व्यक्ति को एक लाख रुपये की धनराशि का तत्काल वितरण करने हेतु जिलाधिकारी ने संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। (एजेंसी )

### नारायणबगड़ में कई दुकानों में मलबा घुसने से व्यापारियों में रोष

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड के थरालीबगड़ में कोलुसैंण की पहाड़ियों से आए भारी पानी एवं मलबे के कारण थरालीबगड़ की कई दुकानों में पानी एवं मलबा भर जाने से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। वहीं कई घंटों तक सड़क पर भारी मलबा जाने से मोटर मार्ग भी बाधित रहा नारायणबगड़ विकासखंड के थरालीबगड़ में विगत कई वर्षों से कोलुसैंण की पहाड़ियों से हर वर्ष हो रहे भारी मात्रा में भूस्खलन के कारण थरालीबगड़ क्षेत्र में हर साल कई दुकानों मकानों एवं सरकारी संस्थानों में पानी घुस जाता है। जिस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है विगत कई वर्षों में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणबगड़, वन विभाग के रेंज कार्यालय समेत कई मकानों एवं दुकानों में पानी घुसने से लोग परेशान रहते थे। लेकिन इस वर्ष भी नारायणबगड़ थरालीबगड़ में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र समेत विभिन्न दुकानों में पानी घुसने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

# बागवानी पलायन रोकने में बड़ा किरदार निभायेगी- भगत सिंह कोश्यारी

विकासनगर। ब्लाक में पहली बार बुधवार को आयोजित सेब गोष्ठी में भाग लेने मंगलवार शाम बुल्हाड़ पहुंचे महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का ग्रामीणों ने पारम्परिक ढोल रणसिंघे और फूलमालाओं से स्वागत किया। पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने कहा कि बागवानी पलायन रोकने में बड़ा किरदार निभाएंगे।



बुल्हाल गांव में आयोजित सेब गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि युवाओं को बागवानी अपनानी चाहिए। कहा बागवानी कर अच्छी कमाई हो सकती है व इससे पलायन भी रुकेगा। कहा कि पर्यटन व कृषि को बढ़ावा देकर पलायन रोका जा सकता है– कहा कि इस क्षेत्र में सरकार भी भरपूर सहयोग करेगी। सेब गोष्ठी के संयोजक सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी रतन सिंह रावत ने बताया कि जौनसार बावर क्षेत्र में बागवानी बढ़ रही है, लेकिन बागवानों को जानकारी का आभाव है। इसी को देखते हुए उन्होंने यहां सेब गोष्ठी आयोजित करने का निर्णय लिया। कहा कि गोष्ठी में विशेषज्ञों ने बागवानों के साथ अपने विचार साझा किए। गोष्ठी में हिमाचल के नंदपुर से आये बागवान और एप्पल विशेषज्ञ बलबीर छाजटा, विलेख रानीखेत के गोपाल दत्त उप्रेती, पदमश्री प्रेमचंद शर्मा, ने बागवानों को सेब उत्पादन के गुर बताए। उन्होंने कहा कि सेब के बगीचों में सेब की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं बनाए रखने के लिए किसान जमीन का परीक्षण करके उसमें आवश्यक तत्वों को बनाए रखें।

ग्रामीण क्षेत्रों में बागवानी विकसित करने के लिए सरकार को एप्पल वैली बागवानों की सुविधा के लिए मृदा परीक्षण लैब स्थापित करनी चाहिए।

## वार्ड में फॉगिंग के लिए पार्षदों से करें संपर्क

देहरादून। नगर निगम के वार्डों में डेंगू को लेकर लोगों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा फॉगिंग करवाई जा रही है। निगम के समस्त वार्डों में पार्षदों को फॉगिंग करने के लिए छोटी मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। एक वार्ड के लिए रोजाना दस लीटर डीजल और दो लीटर पैट्रोल भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा नगर निगम के स्तर से भी फॉगिंग करवाई जा रही है। मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना ने बताया कि निगम के सफाई इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर भी फॉगिंग कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। जिन घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों या कार्यालयों में चेकिंग के दौरान लार्वा मिल रहा है, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जा रही है।



## मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से प्रदेश के विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

# सरकार का कर्ज किश्तों में चुकाएगा रोडवेज

देहरादून। सरकार ने यदि अनुरोध स्वीकार किया तो सात सालों से नौकरी के चक्कर काट रहे मृतक आश्रितों को रोडवेज में नौकरी मिल सकती है। रोडवेज सरकार का कर्ज किश्तों में चुकाने के लिए तैयार हो गया है। इसके लिए गुरुवार तक शासन को पत्र भेजा जाना है। रोडवेज में 2016 से मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर रोक है। तब से करीब 200 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है, आश्रित उनकी जगह पर नौकरी के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन शासन की रोक के कारण नियुक्ति नहीं मिल पा रही है। हालांकि, रोडवेज ने एक साल पहले निगम बोर्ड में प्रस्ताव पास आश्रितों की नियुक्ति पर रोक हटाने के लिए शासन को भेजा था। लेकिन शासन पहले रोडवेज से कर्ज वापस मांग रहा है। शासन का रोडवेज पर कोरोनाकाल का 94 करोड़ रुपये कर्ज था, जिसमें 47 करोड़ रोडवेज ने लौटा दिए हैं, बाकी अभी तक नहीं लौटाए। इसके बाद एक फिर से रोडवेज शासन से रोक हटाने के लिए अनुरोध करने जा रहा है। इसके लिए पत्र तैयार हो गया है, रोडवेज शासन का कर्ज किश्तों में लौटाने को तैयार हो गया है।

मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक को हटाने के लिए शासन को पत्र भेजा रहा है।

## हाथीबड़कला बिजलीघर में कर्मचारियों को बांटे सुरक्षा उपकरण

देहरादून। हाथीबड़कला बिजलीघर के उपखंड अधिकारी शैलेन्द्र मधवाल ने सुरक्षा की दृष्टि से बिजलीघर के समस्त लाइन स्टाफ एवं एसएसओ की मीटिंग लेकर उन्हें सुरक्षित तरीके से बिजलीघर व बिजली लाइन पर काम करने के बारे में जागरुक किया।

काम के दौरान किस तरह से अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके, उसकी जानकारी दी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से हर लाइन स्टाफ को जूते, सेफ्टी हेलमेट, टेस्टर, पेचकस आदि चीजें वितरित की।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने सोलह सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया

विकासनगर। संयुक्त किसान मोर्चा ने अपनी सोलह सूत्री मांगों को लेकर तहसील विकासनगर में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बाद में प्रदर्शनकारियों ने तहसील प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा कि भारत सरकार द्वारा किसानों से वायदा करने के बाबजूद अपने वायदा खिलाफी कर किसानों को जल, जंगल तथा जमीन से बेदखल कर कारपोरेट के हवाले किया जा रहा है जिससे किसानों में भारी आक्रोश है।किसान सभा ने अपने सोलह सूत्री मांगों में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को फार्मूले के अनुसार किसानों की फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य और खरीद की गारन्टी का कानून बनाने, कृषि में बढ़ती लागत और फसलों की गैर लाभकारी कीमतों के कारण हुए नुकसान के लिए किसानों के सभी प्रकार के ऋण माफ करने की मांग की गई है। इसके साथ ही विद्युत संशोधन विधेयक 2022 को तत्काल वापस लेने ,पंजाब, किसानों को बिजली मुफ्त देने, तीन अक्टूबर 2021 के यूपीक लखीमपुर खीरी जिले में चार किसानों व मुख्य साजिशकर्ता केंद्रीय मंत्री को बर्खास्त करने, लखीमपुर खीरी के किसानों पर दर्ज मुकदमं वापस लेकर घायल किसानों को मुआवजा देने, सरकार सूखा, बाढ़ अतिवृष्टि, फसल सम्बन्धी बीमारियों आदि के कारण होने वाले नुकसान को कवर करने के लिए सभी फसलों के लिए व्यापक फसल बीमा योजना लागू करने की मांग की।

मजदूरों के लिए प्रति माह दस हजार रुपये पेंशन योजना लागू करने, स्मार्ट सिटि, ऑल वेदर रोड़, विद्युत रेलवे, केदारनाथ, बदरीनाथ नव निर्माण योजना जैसी जन विरोधी कार्पोरेट की पक्षधर योजनाओं पर रोक रोक लगाने, जंगली जानवरों से किसानों व आम लागों की जानमाल की हिफाजत की व्यवस्था करने, कृषि भूमि को रोजगार परक बनाने के लिये अधिकार सम्पन्न अनिवार्य चकबन्दी योजना लागू करने, कोविड व किसान आन्दोलन के दौरान किसानों, मजदूरों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस लेने, लोगों की खाली पड़ी नाप भूमि को वन भूमि घोषित करने की मांग की गयी है। प्रदर्शनकारियों में सचिव जिला किसान सभाी कमरुद्दीन, सुधा देवली, राजेंद्र पुरोहित, इस्लामअली, गुमानसिंह, अयाज खान, बनारसीलाल, अमर बहादुर, बिलाल अहमद, बलवीर, जगदीश पालसिंह, सोनू, गयूर अहमद,फूलसिंह,ब्रह्मानंद कोठारी आदि शामिल रहे।

# जिलाधिकारी सोनिका ने ली अधिकारियों की बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं सवर्द्धन अभियान के अन्तर्गत सम्पादित कराये जाने वाले कार्यों के संबंध में बैठक लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा० मुख्यमंत्री जल संरक्षण संवर्द्धन अभियान के अन्तर्गत सघन वृक्षारोपण, चाल –



खाल निर्माण, खंती निर्माण, चेकडैम निर्माण, जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण इत्यादि कार्य प्राथमिकता के आधार सम्पादित करायें। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने विभाग से संबंधित कार्य योजना नोडल विभाग सिंचाई विभाग को प्रेषित करेंगे।

उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के क्रियान्वयन हेतु विभाग लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करेंगे। जिनकी नियमित समीक्षा की जाएगी उन्होंने नोडल विभाग को कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य गुणवत्तापूर्वक को इसका विशेष ध्यान रखें।

बैठक में जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, अधि0 अभि0 सिंचाई राजेश लांबा, अधि0 अभि0 उत्तराखण्ड जल संस्थान राजेन्द्र पाल, अधि0 अभि0 उत्तराखण्ड जल संस्थान पेयजल निगम मिसा सिन्हा, वन विभाग सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग शिक्षा विभाग, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून इत्यादि विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्र प्रशांत का मॉडल रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित साइंस माडल प्रतियोगिता में राइंका कण्वघाटी के छात्र प्रशांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विजेता छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

बालासौड़ स्थित एक बारातघर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल व उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन एक गैर सरकारी संस्थान है, जो कि देश के 25 राज्यों में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका हेतु कार्य कर रही है। फाउंडेशन यमकेश्वर और दुगड्डा ब्लाक के 28 कन्या विद्यालयों व सह शिक्षा विद्यालयों में सहेली नामक एकीकृत परियोजना का संचालन कर रही है, जिसमें दस से 19 वर्ष की किशोरियों को डिजिटल माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा की जानकारी दी जाती है। साथ ही 12वीं कक्षा पास करने के बाद विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। फाउंडेशन की ओर से दुगड्डा ब्लाक के 19 विद्यालयों के लिए साइंस मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें राइंका कण्वघाटी के छात्र प्रशांत ने प्रथम, राइंका मोटाढांक के छात्र हिमांशु ने द्वितीय व राइंका कुंभीचौड़ के छात्र दिव्यांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर गजेंद्र मोहन धस्माना, लता बलूनी आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों ने निकाला कैंडल मार्च, शहीदों को दी श्रद्धांजलि



शहर में कैंडल मार्च निकालते पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिकों संघर्ष समिति ने कैंडल मार्च निकालकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान समिति ने वीर नारियों को भी सम्मानित किया। कहा कि देश की रक्षा में दिया गया वीर सैनिकों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बुधवार शाम सात बजे हिंदू पंचायती धर्मशाला से मालवीय उद्यान तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान कारगिल शहीदों की वीर नारियों को फूल माला व शॉल देकर सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने देश के सपूतों को याद करते हुए कहा कि हमें शहीदों की शहादत को याद करते हुए देश के लिए सम्मिलित होकर अपने क्षेत्र में राष्ट्र हित के कार्य करने चाहिए। कहा कि भारत देश एक सशक्त शक्ति के रूप में विश्व मानचित्र पर अपनी अलग छाप रखता है। भारत पूरे विश्व को मार्गदर्शन देता है। मीडिया प्रभारी बलवान सिंह रावत ने कहा कि देश की रक्षा में दिए गए वीर सैनिकों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। रैली में ठाकुर सिंह गुसाईं, मेहरबान सिंह चौहान, मदन सिंह नेगी, राजेश बिष्ट, भारत सिंह नेगी, सुरेश गुसाईं, गोपाल नेगी, देवेन्द्र सिंह रावत, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह नेगी, गोपाल सिंह नेगी, लाल सिंह नेगी, राजेंद्र सिंह रावत, प्रकाश सिंह रावत, बीरेंद्र सिंह, चन्दन सिंह, प्रवीन सिंह, देवेन्द्र धस्माना, सयन सिंह रावत, मोहन सिंह नेगी, विनोद सिंह रावत, विनोद घनशाला, जीत सिंह भंडारी, पुष्कर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## समिति ने कैंटीन परिसर में किया पौधों का रोपण

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कल्याण समिति की ओर से कैंटीन परिसर में पौध रोपण अभियान चलाया गया। समिति ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

हरेला पर्व के तहत विभिन्न प्रजाति के करीब 150 पौधों का रोपण किया गया। आईएनएसपीआर विनोद थपलियाल ने सदस्यों को पौधा रोपण के महत्व के बारे में बताया। कहा कि बिना पर्यावरण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते।

इस मौके पर सुरेंद्र सिंह रावत, अनसूया प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## कैडेट शिखा रही अव्वल



कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते कैड्स

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में शिखा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल चंद्रपाल, प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर एमडी कुशवाहा के द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैडेट शिखा, द्वितीय स्थान तानिया और तांसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त अन्य कैडेट्स के द्वारा भाषण, कविता व समूह गीत भी प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल चंद्रपाल ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कैड्स को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान, प्रोफेसर अभिषेक गोयल, प्रोफेसर संजीव शाह आदि मौजूद रहे।

## निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग करने पर लोक लगाई जाए

**पौड़ी** : निजी वाहनों का व्यावसायिक रूप में संचालन करने पर पर्वतीय टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने रोष जताया है। संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग करने पर रोक लगाए जाने की मांग की है। कहा कि जल्द ही निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग करने पर रोक नहीं लगाई गई तो संघ पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बुधवार को का व्यावसायिक रूप में संचालन करने पर पर्वतीय टैक्सी-मैक्सी महासंघ ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष कोतवाल सिंह नेगी ने कहा कि कई निजी वाहनों द्वारा व्यावसायिक रूप में प्रयोग किया जा रहा है। जिससे टैक्सी-मैक्सी चलाने वाले वाहन चालकों को नुकसान हो रहा है। कहा कि वे हर माह सरकार को अलग-अलग टैक्स भरते है। कहा कि ये निजी लोग उनका हक मार रहे है। कहा कि पिछले दिनों थत्यूड़ यूनियन ने जब निजी वाहनों के व्यवसायिक प्रयोग करने पर आपत्ति जताई तो मैक्स वाहन चालकों के साथ अभ्रदता की गई और मैक्स वाहन चालकों पर ही मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है। कहा कि इससे पूर्व भी निजी वाहनों के व्यवसायिक प्रयोग करने पर रोक लगाने की मांग प्रशासन से की थी, लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। कहा कि जल्द ही कहा कि जल्द ही निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग करने पर रोक नहीं लगाई गई तो संघ पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## 4.80 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार



कोटद्वार कोतवाली पुलिस की हिरासत में युवक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** कोतवाली पुलिस ने 4.80 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर उसे क्षेत्र के युवाओं को बेचता था।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने आमपड़ाव इंदिरानगर निवासी शहिद को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में युवक ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर लेकर आया था। जिसे वह क्षेत्र के युवाओं को महंगे दामों में बेचता था। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## योग अनुदेशक संगठन के उपाध्यक्ष बनें भंडारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : योग अनुदेशक संगठन जनपद टिहरी के संरक्षक मुरलीधर एवं वंदना बिष्ट की अध्यक्षता में आम बैठक आहुत की गई। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें धर्म सिंह भंडारी को उपाध्यक्ष, नीलम चंद रमोला महिला उपाध्यक्ष, जगत नारायण रतूड़ी को सचिव, प्रियंका राणा को सह सचिव, जसवीर पंवार को संगठन मंत्री, सुरेंद्र मेहरा को मीडिया प्रभारी, बलवंत मेहरा को कोषाध्यक्ष, संजय रमोला को सहमीडिया प्रभारी, गीताराम भट्ट, रीता बिष्ट, राहुल बडोनी, महादेव रतूड़ी, संजीव रावत, रिंकी पंवार, राहुल पंवार, सूर्यकांत बडोनी, कुसुम नेगी, पूजा चौहान आदि को सदस्य बनाया गया। (एजेंसी)

## कांग्रेस ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



कोटद्वार में शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कारगिल शहीद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ। युद्ध में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तानी सेना को परास्त कर विजयी ध्वज फहराया था। इसी युद्ध में शहीद हुए जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। कहा कि वीर सैनिकों की कुर्बानी को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजय मित्तल, विजय रावत, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, बृजपाल सिंह नेगी, सुदर्शन रावत, अशोक रावत, महावीर सिंह और बाबी बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निबंध प्रतियोगिता में अनन्य ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : राजकीय इंटर कॉलेज कंडारा में भोले महाराज का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में फलदार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश नौटियाल ने छात्र-छात्राओं को पेड़ों का हमारे जीवन में महत्व को समझाया। वहीं पर्यावरण संरक्षण में वृक्षारोपण की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें अनन्य जुनेजा प्रथम, सुचिता बिष्ट द्वितीय व दिव्वासी तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका में सुजाता मैठाणी, निवेदिता व मीनाक्षी रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश पंवार व सुनील बमराड़ा ने किया। इस दौरान स्कूल में भोजनमाताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक महेश गिरि ने हंस फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की। उधर, मॉडल जूनियर हाईस्कूल सल्डा विकास खंड कोट व राजकीय प्राथमिक विद्यालय ओलना कल्जीखाल में भी भोले महाराज के जन्म दिवस पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक रोशन डोगरा, सुदर्शन पुंडीर, सुषमा रावत, अंजना कोठियाल, यशंवती राणा आदि मौजूद रहे।

## विजय दिवस पर शहीदों के परिजनों का किया सम्मान



कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढांक कोटद्वार में नवयुग पब्लिक स्कूल व लॉयन्स क्लब डिगनिटी कोटद्वार की ओर से कारगिल शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर गढ़वाल राइफल्स के शहीद हवलदार मदन सिंह के परिजन सहित शहीद नायक अनिल सिंह पैरा रेजिमेंट के परिवार व शहीद नायक हरेन्द्र सिंह 10 पैरा के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लॉयन्स क्लब डिगनिटी कोटद्वार के सहयोग से विद्यालय के बच्चों की आँखों व दांतों की जांच कराइ गई। साथ ही विद्यालय के कर्मचारियों की डायबिटीज जांच की गई। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक हुकम सिंह नेगी, प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम नेगी, लॉयन्स क्लब डिगनिटी कोटद्वार के अध्यक्ष लॉ. रोहित बत्रा सहित क्लब एवं स्कूल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं मेरहबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोटद्वार में कारगिल विजय दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर रिटायर्ड कैप्टन श्रीकांत नौगाईं, रिटायर्ड सूबेदार गोपाल दत्त जखमोला, रिटायर्ड सूबेदार मेजर गब्बर सिंह बिष्ट, रिटायर्ड सूबेदार जगमोहन सिंह रावत, विनोद चन्द्र ध्यानी, रमेश द्विवेदी, विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्र नकोटी ने शहीदों को श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर छात्रा अंशिका ने कविता, जिया प्रवीन एवं सूरज, इशिता, शालू नेगी, अंशिका, सक्षम, सृष्टि, मनीष भट्ट ने कारगिल युद्ध के बारे में भाषण दिए।

## कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया



कारगिल विजय दिवस पर शहीद के परिजनों को सम्मानित करते हुए विधायक राजकुमार पोरी।



कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एसएसपी श्वेता चौबे।

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जनपद में बुधवार को कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप मनाया गया। कारगिल विजय दिवस की 24वीं वर्षगांठ पर जनपद मुख्यालय में शहीद स्मारक एजेंसी चौक पौड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, नगर पालिका अध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम, जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे सहित अन्य अधिकारियों व पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध के शहीद वीर जवानों को पुष्प चक्र व श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम से पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा एजेंसी चौक से कलेक्ट्रेट तक प्रभात फैरी निकाली गई।

प्रेक्षागृह में शहीद के परिजनों को सम्मानित कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक ने कहा कि भारतीय इतिहास में आज का दिन गौरवशाली दिन के रूप में अंकित है। कहा कि यह दिन हमारी विजय गाथा को याद दिलाता है। आज के दिन ही कारगिल के युद्ध में हमारे जांबाज वीर सैनिकों ने वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान की सेना को हराकर टाईगर हिल को जीत कर तिरंगा फहराया था। कहा कि पूर्व सैनिकों की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना की वीरता का एक ऐसा उदाहरण है जिस पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए। कहा कि शहीद सैनिकों व पूर्व सैनिकों को सरकार हर तरह का सहयोग कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को आज भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज हम सब लोग अपने घरों में सुरक्षित हैं तो वह सैनिकों की वजह से हैं। कार्यक्रम में विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष ने कारगिल युद्ध में हुए शहीद नायक मंगत सिंह के पुत्र नीरज भंडारी, रा. मै. कुलदीप सिंह के भाई अजीत रावत, रा. मै. डबल सिंह की पत्नी राजी देवी व नायक पुष्कर सिंह की पत्नी बसंती देवी को सम्मानित किया गया।

वहीं स्कूली छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। साथ ही अतिथियों द्वारा शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुई निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, उपजिलाधिकारी मुक्ता मिश्रा, सीओ श्याम दत्त नौटियाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पौड़ी कर्नल पीके कोठनाला व लैंसडौन कर्नल ओपी फर्सवाण, संस्कृति विभाग से प्रेमचंद ध्यानी, पूर्व सैनिक राजेंद्र राणा व अन्य उपस्थित थे।

### कारगिल युद्ध में शामिल सैनिक ने साझा किए अनुभव

कारगिल युद्ध में शामिल बकुल रावत ने कहा कि वर्ष 1999 में पाकिस्तान ने कारगिल पर हमला कर दिया था, इस दौरान देश के कई सैनिकों ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे देश हमेशा याद करता रहेगा। कारगिल युद्ध लगभग 60 दिनों तक चला और इस युद्ध की समाप्ति 26 जुलाई को हुई। इस युद्ध में भारतीय सेना ने जीत हासिल की। तब से हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है और युद्ध में शहीद होने वाले भारतीय सेना के जवानो को और देश के प्रति दी गई उनकी कुर्बानी को याद किया जाता है।

## निबंध में तनुजा, भाषण में मीनल ने मारी बाजी



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कलालघाटी में स्वच्छता अभियान चलाते हुए शिक्षक एवं छात्राएं।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : पीएम श्री विद्यालय शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कलालघाटी में श्री देव सुमन शहीदी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने श्री देव सुमन के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा धस्माना ने पौधा रोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय में हरित क्रांति हेतु वृक्षारोपण, जागरूकता रैली, पीएम श्री संबंधित साईकिल रैली, साइंस गणित प्रदर्शनी, टीएलएम वर्कशॉप एवं एवं प्लास्टिक उन्मूलन, जल संरक्षण पर भाषण, प्लास्टिक उन्मूलन पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध में तनुजा, शिवानी, भावना, भाषण में मीनल, प्रतीक्षा, भावना, वाद-विवाद पक्ष में मीनल, तनुजा, शिवानी, विपक्ष में प्रतीक्षा, भावना, हेमलता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। रहे कार्यक्रम में समुदाय इस मौके पर श्रीमती नारायणी देवी, श्रीमती पूनम देवी, एसएमसी अध्यक्षा श्रीमती रेखा देवी, सहित शिक्षिका श्रीमती उषा रावत, शिवेत्री सिंह, किरन नारंग सहित सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में किया प्रदर्शन



पिथौरागढ़ : बीसाबजेड से दौली तक सड़क में डामरीकरण न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। बुधवार को स्थानीय प्रेम चंद के नेतृत्व में स्यूनी, दौली सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। स्थानीय प्रेम चंद ने कहा कि इंटर कॉलेज बीसाबजेड से दौली तक अटल आदर्श मोटर मार्ग का निर्माण किया गया था। 15 सालों से सड़क में डामरीकरण नहीं हुआ है। जिससे डोबरा, बनाला, स्यूसी, मल्ली स्यूसी, मैचाली, कुमल्ता, भूलगांव, दौली के ग्रामीणों को निजी वाहन से आवाजाही में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिला मुख्यालय से 13 किमी. दूर सात गांवों तक गैस वाहन, स्कूल बस, सचल चिकित्सा वाहन, खुशियों की सवारी,108 सहित अन्य सरकारी वाहन न आने से लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। डीएम ने संबधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान विनीता चंद, सपना चंद, मीना देवी, कुंती देवी, बबीता चंद, निर्मला चंद, कमला देवी, जानकी देवी, जयंती देवी, मंजू महर, रेखा देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। (एजेंसी)

## दो लाख हड़पने और अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

रुद्रपुर : फेसबुक पर युवती से दोस्ती कर बिजनौर के युवक ने दो लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर युवक ने युवती का अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। युवती ने थाने में तहरीर देकर रुपये वापस दिलाने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में तहरीर देकर कहा कि हेमराज कॉलोनी बिजनौर के युवक ने उससे फेसबुक पर दोस्ती करके फोन नंबर मांग लिया। बाद में युवक ने उससे आर्थिक मदद की गुहार लगाई। कई किस्तों में युवक ने उससे दो लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोप है कि जब युवक से उसने पैसे वापस मांगे तो युवक ने उसका अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से बदनाम करने की धमकी दी।

# 16 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन



रुद्रपुर : संयुक्त किसान मोर्चा उत्तराखंड ने किसानों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। सीडीओ के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में किसान नेता तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि डेढ़ साल पहले दिल्ली में चले आंदोलन को खत्म करने के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया था, लेकिन किसानों की मांगें जस की तस हैं।

किसानों से किए गए वादों को पूरा करने के बजाय काश्तकारों को जल, जंगल और उनकी जमीन से बेदखल कर कॉरपोरेट के हवाले करने की नीतियों पर सरकार चल रही है। कहा कि किसान आंदोलन की मुख्य मांग आयोग की सिफारिशों को लागू कर किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और खरीद की गारंटी कानून बनाने, संपूर्ण कर्ज माफी की थी। किसान नेता जसबीर सिंह ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित विद्युत संशोधन विधेयक 2022 को बिजली का निजीकरण करने का जरिया बताया। किसान नेता जगदीश ठाकुर ने कहा गन्ना किसानों के लिए 500 रुपए प्रति कुंतल समर्थन मूल्य तय करने, छोटे किसानों को खेतीहर मजदूरों के लिए दस हजार प्रतिमाह किसान पेंशन योजना लागू करने की मांग उठाई। यहां काबल सिंह, नरेश पंडित, गुरदीप सिंह, सुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, अमृत पाल सिंह, गुरजीत सिंह, गुरसेवक सिंह, कुलदीप सिंह, जसबीर सिंह, प्रकाश सिंह, जयपाल सिंह, जगदंबिका प्रसाद, ललित मटियाली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बिहार के विधायक की गिरफ्तारी को चम्पावत पुलिस ने दी दबिश

चम्पावत : बिहार के विधायक बच्चा पांडेय की गिरफ्तारी को लेकर चम्पावत पुलिस ने एक हजार किलोमीटर दूर बरहडिया में दबिश दी। लेकिन पुलिस को यहां निराशा हाथ लगी। चम्पावत पुलिस की टीम वापस चम्पावत लौट गई है। अब एसपी स्तर से सिविल जज को दबिश से संबंधित रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

दरअसल, बिहार के बरहड़िया से राजद विधायक बच्चा पांडेय मेसर्स दरौली कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड चलाते हैं। चम्पावत के मूलाकोट निवासी धन सिंह ने बताया कि उन्होंने मेसर्स दरौली कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से दीवार और स्कबर बनाने का ठेका लिया। काम पूरा होने पर बच्चा पांडेय ने नवंबर 2018 में दस-दस लाख रुपये के दो चेक धन सिंह को दिए। लेकिन दोनों ही चेक बाउंस हो गए। इसके बाद धन सिंह ने बच्चा पांडेय के खिलाफ वर्ष 2019 में 138 एनआई एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बीते दिन सिविल जज सीनियर डिवीजन/ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट हेमंत सिंह की अदालत ने विधायक बच्चा पांडेय के खिलाफ दूसरा गैर जमानती वारंट जारी किया था।

वारंट के तहत कोर्ट में पेशी के लिए चम्पावत पुलिस ने विधायक की गिरफ्तारी के लिए बिहार में दबिश दी लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस टीम बिहार से वापस चम्पावत लौट गई है। एसपी चंपावत देवेंद्र पींचा ने बताया कि वारंट के तहत बच्चा पांडेय की गिरफ्तारी के लिए बिहार में दबिश दी गई। लेकिन वारंटी नहीं पकड़ा जा सका। अब इसकी रिपोर्ट कोर्ट में दी जा रही है। पुलिस टीम चम्पावत लौट गई है। (एजेंसी)

## दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बनाए

चम्पावत : टनकपुर उपजिला अस्पताल में दिव्यांगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित तमाम लोगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने का जिम्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार जोशी और नेत्र सर्जन डॉ. दिप्ती जोशी ने पूर्ण किया। वहीं पीएलवी अजय गुरूरानी और सोनी ने दिव्यांग जनों और अभिभावकों को प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनवाने में पूर्ण सहयोग किया गया। (एजेंसी)

## डॉक्टरों पर डयूटी से गायब रहने का लगाया आरोप

चम्पावत : सीमांत मंच के हेल्थ वेलनेस सेंटर में ग्रामीणों ने डॉक्टरों पर अक्सर ड्यूटी से गायब रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने डॉक्टरों की लापरवाही को लेकर सीएमओ को शिकायत की है। ग्रामीणों के मुताबिक इस समय अस्पताल में तीन डॉक्टरों की तैनाती है। लेकिन अक्सर यहां डॉक्टर नदारद मिलते हैं। अस्पताल में डॉ. अंकुर बिष्ट, डॉ. प्रगति तोमर और डॉ. आभा बिष्ट की तैनाती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल रावत, ग्रामीण गणेश पुनेठा, जगदीश बोहरा, दीपक महन, रमेश कोहली ने बताया कि अस्पताल में डॉ आभा बिष्ट ही रहती है। जबकि अन्य बीते दिन भी अस्पताल से नदारद थे। कहा कि आपातकाल की स्थिति में यहां उपचार मिलना संभव नहीं है। ग्रामीणों ने सीएमओ से औचक निरीक्षण करने का आग्रह किया।

# लोहाघाट से चोरी एक लाख की स्कूटी तीन हजार में बेची, गिरफ्तार



चम्पावत : लोहाघाट शहर से चोरी हुई दो स्कूटी को पुलिस ने खोज दिया है। स्कूटी चोरी करके ले गए चोर ने एक लाख की स्कूटी को मात्र तीन हजार रुपये में बेच दिया। पुलिस ने चोरी के मुख्य आरोपी समेत स्कूटी खरीदने वाले को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ केस दर्ज किया है। एक सप्ताह पहले नगर के डाक बंगला मार्ग से दो स्कूटी चोरी हो गई थी। खुलासा नहीं होने पर लोगों ने पुलिस के खिलाफ जुलूस भी निकाला। एसओ मनीष खत्री ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, चेकिंग, सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान श्यामलाताल मोड के पास से स्कूटी चोरी का आरोपी दबोचा। एसओ ने बताया कि आरोपी कलीगांव निवासी सागर मेहता ने अपने दोस्त श्यामलाताल निवासी हिमालय हनैरी को तीन हजार में स्कूटी बेची थी, जबकि दूसरी स्कूटी निंगाली रोड से बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। एसओ के मुताबिक सागर पूर्व में भी हिसार हरियाणा में चोरी के मामले में पकड़ा गया था। ये रहे पुलिस टीम में शामिलः एसआई सुरेंद्र खड़ायत, एसआई हरीश प्रसाद, मतलूब खान, गणेश बिष्ट, मनोज बैरी, सुरजीत राणा, नवल किशोर, उमेश राज, अशोक कुमार, महेश मेहता, विनोद जोशी रहे। (एजेंसी)

# ग्राम प्रधान ने लगाया पुलिसकर्मी पर अभद्रता का आरोप




पिथौरागढ़ : बड़ेत सानीगांव के ग्राम प्रधान मंगला प्रसाद ने एक पुलिस कर्मी पर अभद्रता का आरोप लगाया है। बुधवार को ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों ने थल थाने पहुंचकर उपनिरीक्षक बहादुर सिंह नपलच्याल को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते 25 जुलाई को 112 की किसी सूचना के बाद थाने में कार्यरत पुलिस कर्मी सहित पीआरडी जवान गांव पहुंचे। आरोप है कि पुलिस कर्मी ने उनके साथ अभद्रता की। इधर प्रधान संगठन ने भी ग्राम प्रधान के साथ हुई अभद्रता पर आक्रोश जताया है। संगठन का कहना है कि अगर संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इधर पुलिस कर्मी ने ग्राम प्रधान के आरोप को निराधार बताया है। कर्मी का कहना है कि 112 पर आई महिला की सूचना पर वह गांव गए। उन्होंने प्रधान के साथ अभद्रता नहीं की। बल्कि प्रधान ने ही उन्हें बिना अनुमति के गांव में घुसने और अनुमति संबंधी दस्तावेज दिखाने को कहा। (एजेंसी)

## सड़क हादसे में डॉक्टर दंपति सहित चार घायल

काशीपुर : शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल के डॉक्टर समेत चार लोग सड़क हादसे में घायल हो गए। डॉक्टर की पत्नी व उनके दोस्त की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर मुरादाबाद रोड स्थित सहोता अस्पताल के डॉ. गुरपाल सहोता अपनी पत्नी जगदीप कौर तथा दोस्त आईलेट्स संचालक प्रभपाल सिंह व दोस्त की पत्नी तनवीर कौर के साथ कार से अफजलगढ़ जा रहे थे। जसपुर के आगे धर्मपुर कट के पास हाईवे पर उनकी कार किसी वाहन से तेजी से टकरा गई। हादसे चारों लोग घायल हो गए। मौके से गुजर रही काशीपुर के एक अस्पताल की एंबुलेंस के चालक ने चारों को एंबुलेंस से काशीपुर स्थित सहोता अस्पताल पहुंचाया।

# पंजाब की तर्ज पर सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाए

काशीपुर : संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों ने पंजाब, यूपी तेलंगाना की तर्ज पर सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने समेत 16 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सभी किसान संगठन से जुड़े पदाधिकारी एसडीएम कोर्ट पहुंचे। यहां पर एसडीएम राकेश तिवारी को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर सीटू प्लस 50 प्रतिशत फार्मूला के अनुसार किसानों की सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए, किसानों के सभी ऋण माफ किए जाएं, विद्युत संशोधन विधेयक 2022 को तत्काल वापस लिया जाए, पंजाब, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना राज्यों में सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जा रही है उसी की तर्ज पर किसानों को बिजली मुफ्त दी जाए, उत्तर प्रदेश लखीमपुर खीरी जिले में 4 किसानों और एक पत्रकार की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता अजय मिश्रा को कैबिनेट से बर्खास्त कर जेल भेजा जाए, लखीमपुर खीरी में बेगुनाह किसानों पर किए गए झूठे मुकदमे वापस कर घायल के परिवार को मुआवजा देने का वादा पूरा किया जाए, सरकार सूखा बाढ़ अतिवृष्टि आदि से होने वाले नुकसान को कवर करने के लिए सभी फसलों के लिए व्यापक और प्रभावी फसल बीमा योजना लागू करें तथा केंद्र सरकार बाढ़ भूस्खलन से तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें, सभी मध्यम छोटे और सीमांत पुरुष और महिला किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए 10000 रूपये प्रति माह किसान पेंशन योजना लागू की जाए समेत 16 सूत्रीय मांग पत्र भेजा गया। इन लोगों ने तत्कान इन मांगों को पूरा करने की मांग की है। यहां भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भारतीय किसान यूनियन उगराहां, भूमि बचाओ मुहिम, ऑल इंडिया किसान सभा, क्रांतिकारी किसान मंच, किसान संघर्ष समिति, ऑल इंडिया महा किसान सभा, ऑल इंडिया किसान सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# शौर्य दिवस पर वीर शहीदों को दी श्रद्धाजंलि, परिजनों का किया सम्मान

पिथौरागढ़ : सीमांत में कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न स्थानों पर वीर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक में वीरांगनाओं, शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस दौरान शहीदों की वीरगाथा सुनकर उनके परिजनों की आंखें छलक पड़ी।

बुधवार को नगर के चंडाक मार्ग स्थित उल्का मंदिर के समीप बने शहीद स्मारक में विजय दिवस पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व विभिन्न संगठन के लोगों ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुलिस जवानों की टुकड़ी ने शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कारगिल शहीद राइफलमैन जोहार सिंह, हवलदार गिरीश सिंह, लांस नायक किशन सिंह व पीटीआर कुंडल सिंह बेलाल के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए डीएम रीना जोशी, जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक विशन सिंह चुफाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सैन्य भूमि है। यहां हर घर से जवान देश की सेवा कर रहा है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। कहा कि जिन शहीदों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दी है, उन्हें देश हमेशा याद रखेगा। बाद में उन्होंने वीरांगना लीला देवी, तनुजा देवी, शांति सामंत और शहीद की माता कूना देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। यहां नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीबी पुन, मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया सहित कई अधिकारी-कर्मचारी और आमजन मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शिक्षक की पिटाई से छात्रा की हालत बिगड़ी

काशीपुर : शिक्षक की पिटाई से छात्रा की हालत बिगड़ गई। छात्रा को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। वहीं, विद्यालय प्रबंध समिति ने आरोपी शिक्षक को स्कूल से हटा दिया है। घटना की जांच भी कराई जा रही है। घटना से अभिभावकों में रोष है। ब्लॉक क्षेत्र के एक विद्यालय में तैनात शिक्षक ने पढ़ाई को लेकर आठवीं कक्षा की एक छात्रा की बुरी तरह पिटाई कर दी। पिटाई से छात्रा की हालत बिगड़ गई। छात्रा के पिता ने उसे एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। नर्सिंग होम के डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि छात्रा की हालत में सुधार होने पर उसे छुट्टी दे दी गई।

# पुल नहीं होने से छात्रा नदी में बही, ग्रामीणों ने बचाया



अल्मोड़ा। विकासखंड भैंसियाछाना के धन्यान गांव में बुधवार सुबह सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। स्कूल आ रही एक बच्ची अचानक नदी के तेज बहाव में बह गई। वहां मौजूद अन्य स्कूली बच्चों तथा ग्रामीणों की मदद से छात्रा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिसका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाड़ेछीना में उपचार चल रहा है। छात्रा खतरे से बाहर बताई जा रही है। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धन्यान में कक्षा 9 की छात्रा ममता पुत्री शंकर राम निवासी ठाणा मटैना (ब्लॉक लमगड़ा) बुधवार सुबह अन्य बच्चों के साथ घर स्कूल के लिए निकली, सुयाल नदी पार करते समय छात्रा का पैर फिसल गया जिससे वह काफी दूर तक नदी में बहते चली गई। जिससे अन्य छात्र-छात्राओं में हड़कंप मच गया। छात्र-छात्राओं द्वारा शोर मचाने पर आनन-फानन में आसपास ग्रामीणों ने नदी में छलांग लगाकर छात्रा को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद छात्रा को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाड़ेछीना लाया गया।

# सुधारीकरण की बाट जोहती एनटीडी—धार की तूनी लिंक सड़क



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर के एनटीडी से धार की तूनी को जोड़ने वाली लिंक सड़क विगत कई वर्षों से बदहाली का दंश झेल रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का जिला कार्यालय भी इसी सड़क में है। इसके साथ ही आंचल दुग्ध संघ का प्लांट भी इसी सड़क से लगते हुए है। इस मार्ग से होकर सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे भी प्रतिदिन निकलते हैं। परन्तु इस रास्ते को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे यह रास्ता अति दुर्गम क्षेत्र का है तथा वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं हुई है। बरसात में तो यह रास्ता नाले की शक्ल में तब्दील हो जाता है। जगह जगह पड़े गड्ढे, उबड़ खाबड़ रोड टू व्हीलर वाहन चालकों एवं पैदल चलने वालों के लिए लगातार दुर्घटना का सबब बनी हुई है।

## चम्पावत के डीएम विदेश रवाना

चम्पावत : चम्पावत के डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी अंतराष्ट्रीय विकास की पढ़ाई के लिए विदेश रवाना हो गए हैं। जिसके बाद अब चम्पावत में डीएम का प्रभार एडीएम हेमंत कुमार वर्मा के पास है। दरअसल डीएम नरेंद्र भंडारी यूएसए के हार्वर्ड विवि से अंतराष्ट्रीय विकास की पढ़ाई के लिए गए हैं। उनके स्थान पर शासन जल्द किसी अनुभवी अफसर को जिले की कमान सौंप सकता है। हालांकि कौन चम्पावत का अगला डीएम होगा, इस पर कयासबाजी लगातार जारी है।

# कारगिल विजय दिवस पर वीर नारियों को किया सम्मान

रुद्रपुर : पूर्व सैनिक संगठन के कारगिल विजय दिवस पर हुए कार्यक्रम का मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने शुभारंभ किया। इस दौरान एक ओर जहां सीमा पर शहीद हुए वीर सैनिकों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर वीर नारियों को सम्मानित किया गया वहीं दूसरी ओर कारगिल विजय धूमधाम से मनाया गया। ब्लॉक सभागार में हुई कारगिल विजय दिवस पर मुख्य अतिथि नंदन सिंह खड़ायत व पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी ने वीर नारी लक्ष्मी देवी निवासी रतनपुर, पार्वती देवी निवासी आदर्श कालोनी, कलावती देवी निवासी हनुमान मंदिर, हीरा ज्याला निवासी भूड़ महोलिया, देवकी देवी निवासी कंजाबाग, गीता खड़ायत निवासी टिगरी, गोविंदी देवी निवासी राजीव नगर, दीपा जोशी निवासी भूड़ को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

यहां विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नारायण सिंह सौन, दान सिंह बोरा, राजेंद्र सिंह अधिकारी, धन सिंह सामंत, होशियार सिंह बोरा, धन सिंह बोरा, भूपेंद्र सिंह खोलिया आदि थे। इधर कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में लायंस क्लब सिटी ने पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पौधरोपण किया गया। यहां एकता रस्तोगी, जितेंद्र बत्रा, भुवन जोशी, राजकुमार अरोरा, हरमिक सिंह, विवेक अग्रवाल, भुवन जोशी, विनीत कुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, डॉ. विनोद कुमार, जितेंद्र बत्रा, इकबाल अहमद,जगदीश शर्मा मौजूद रहे। (एजेंसी)

# गढ़वाल के शौर्य के अपमान के लिए माहरा को इस्तीफा देना चाहिए : कैंथोला

## गढ़वाल के शौर्य की अधूरी जानकारी रखते है माहरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के विवादित बयान को निचले स्तर की राजनीति बताते हुए नैतिकता के आधार पर इस्तीफा मांगा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पहले से ही समाज को बांटकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की नीति पर काम करती आई है और आज भी कांग्रेस पार्टी अपनी उसी सोच को आगे बढ़ा रही है।

विपिन कैंथोला ने करन माहरा व कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते इनके नेता निचले पायदान की राजनीति करने लगे है। अब माहरा अपने ही राज्य के रहने वाले एक क्षेत्र के लोगों पर अभद्र टिप्पणी कर रहे जो उनकी नफरत व समाज को बांटने वाली सोच वाली मानसिकता को दर्शाता है।

श्री कैंथोला ने कहा कि कांग्रेसी प्रदेश अध्यक्ष अपनी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं की गुटबाजी से परेशान होकर व भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखकर इतने बौखला चुके है कि अर्नगल और अपमानजनक बयानबाजी कर रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष का यह बयान उत्तराखंड की साख को पूरे विश्व में धूमिल करने की कोशिश है।

आज राज्य जहां दिन दुगनी रात चौगनी रफ्तार से विकास की और अग्रसर है, वहीं माहरा अपने राज्य के एक क्षेत्र वासियों के लिए अभद्र भाषा कहने में पीछे नहीं है। आज उत्तराखंड के लोगों का डंका भारत ही नहीं विश्व में माना जाता है, पहाड़ के लोगों की ईमानदारी, बहादुरी व कार्य पद्धति के विश्व के लोग कायल है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष की मानसिकता अपने ही लोगों को कोस कर राज्य की छवि को धुमिल करने की कोशिश है। श्री कैंथोला ने कहा कि अगर माहरा में कुछ नैतिकता बची है तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए नहीं तो कांग्रेस नेतृत्व को ऐसे समाज को बांटने वाले अध्यक्ष को बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस अब भी नहीं चेती तो उत्तराखंड की जनता उन्हें कभी माफ करने वाली नहीं है। साथ ही जो लोग उनकी पार्टी में रहकर इस विषय में चुप्पी साधे है आने वाले समय में जनता उनको भी इस कृत्य में चुप रहने पर सबक सिखायेगी।

## महिला से अभद्रता के मामले में मुकदमा दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर के एजेंसी मोहल्ला में एक महिला को धमकाने, गाली-गलौच व अपशब्दों के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले की जांच एसआई प्रवीण सिदौला को सौंपी गई है। कोतवाली निरीक्षक रवि सैनी ने बताया कि बीते 23 जुलाई को एजेंसी मोहल्ला की लीला देवी ने थाने में तहरीर दी। जिसमें उन्होंने पड़ोस में रह रहे एक युवक पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने व अपशब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया। कहा इस मामले में आरोपी हिमांशु नेगी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। (एजेंसी)

# कविता भट्ट आचार्य रामचंद्र शुक्ल सम्मान से सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर व लेखिका डॉ. कविता भट्ट को मध्य प्रदेश में आयोजित भव्य अलंकरण समारोह में साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश ने अखिल भारतीय स्तर पर पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्हें आचार्य रामचंद्र शुक्ल आलोचना सम्मान से नवाजा गया।

यह सम्मान उन्हें वर्ष 2019 के लिए उनकी कृति भारतीय संस्कृति में जीवन मूल्य हेतु प्रदान किया गया। सम्मान के रूप में एक लाख रूपए, शॉल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। यह सम्मान उन्हें मध्य प्रदेश सरकार की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर, प्रख्यात अभिनेता और साहित्यकार आशुतोष राणा, संस्कृति सचिव अदिति कुमार त्रिपाठी, साहित्य अकादमी निदेश-ाक डा. विकास दवे के हाथों दिया गया। डा. कविता भट्ट ने इसके लिए अकादमी निदेशक, निर्णायक मंडल तथा अकादमी और संस्कृति मंत्रालय को धन्यवाद दिया है। डा. कविता भट्ट की इस उपलब्धि पर गढ़वाल विश्वविद्यालय सहित साहित्य जगत और व्यापक स्तर पर उनके पाठकों प्रशंसकों ने खुशी जताई है। (एजेंसी)

## विजय दिवस पर कारगिल शहीद की पत्नी को किया सम्मानित

उत्तरकाशी : कारगिल विजय दिवस की 24 वीं वर्षगांठ जिले भर में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले सैनिकों के त्याग और बलिदान को याद कर उन्हें सैन्य एवं नागरिक सम्मान के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कारगिल शहीद दिनेश चन्द्र कुमांई की धर्मपत्नी अनीता देवी को गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। बुधवार को करगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाते हुए ज्ञानसू शौर्य स्थल पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, डीएम अभिषेक रूहेला सहित सेना, आईटीबीपी,सहित पूर्व सैनिकों ने करगिल युद्ध में शहीद हुए जिले के सैनिक दिनेश कुमांई के चित्र पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि देकर किया। इस मौके विधायक चौहान ने कहा कि सैनिकों के साहस, समर्पण और शौर्य के बूते हमारे देश की रक्षा व्यवस्था निरंतर मजबूत बनी है।

# विधायक ने किसानों को बांटी बड़ी इलायची की पौध

रुद्रप्रयाग : जिला भेषज सहकारी विकास संघ के सहयोग में डांगी गुनाऊ के 20 प्रगतिशील किसानों को मुख्यमंत्री जड़ी-बूटी उत्पादन योजना में 8 हजार बड़ी इलायची के पौधे निःशुल्क वितरण किए गए। इसके साथ ही किसानों को जड़ी-बूटी कृषिकरण के लिए जागरूक भी किया गया।

ब्लाक जखोली की ग्राम पंचायत डांगी गुनाऊ में पौध वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक भरत सिंह चौधरी ने किसानों को बड़ी इलायची के पौधों का निःशुल्क वितरण किया। विधायक ने पौध वितरण कार्यक्रम को ऐतिहासिक ढंग से संपन्न कराने के लिए संघ के सचिव वाचस्पति सेमवाल को बधाई देते हुए कहा कि जनपद बड़ी इलायची कृषिकरण के क्षेत्र में प्रदेश में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की जड़ी-बूटी उत्पादन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक जड़ी-बूटी के पौधों का रोपण कर अपनी आर्थिकी को बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के बाद भेषज संघ ने तड़ाग में 11 किसानों को 1740 बड़ी इलायची के पौधों का वितरण किया। इससे पूर्व संघ ने 4 हजार बड़ी इलायची के पौधे ग्राम पंचायत निरवाली धारकोट में वितरित कर चुका है। जनपद में कुल 13740 बड़ी इलायची एवं हरेला महोत्सव पर 46550 पौधे हरड, बहेड़ा, आंवला, रीठा, जामुन तथा शहतूत की पौध वितरण कर चुका है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुनीता देवी, संघ के अध्यक्ष कपूर सिंह रावत, संघ के सचिव वाचस्पति सेमवाल, भूपेंद्र भंडारी, जय प्रकाश सेमवाल, चंद्रवीर सिंह, प्रधान बृजभूषण वशिष्ठ, रघुवीर रौतेला समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। (एजेंसी)

## टिहरी झील से महिला का शव बरामद

टिहरी : बीते दिवस की रात्रि को टिहरी झील के निकटस्थ रैका पट्टी के गांव कंगसाली से लापता चल रही महिला विजय लक्ष्मी (38) पत्नी दिनेश चौहान का शव एसडीआरएफ ने टिहरी झील से बरामद कर लम्बगांव पुलिस को अग्रिम कार्यवाही के लिए सौंपा है। एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर कविंद्र सजवाण ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिवस की रात्रि को कंगसाली गांव की एक महिला लापता हो गई थी। जिसके चप्पल टिहरी झील के किनारे मिले। जिससे डूबने की आशंका जाहिर की गई। जिसकी सर्चिंग के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सभी संभावित स्थानों पर सर्चिंग अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ के डीप डायवर आरक्षी प्रदीप नेगी ने 35 से 40 फीट की गहराई में डाइविंग करते हुए महिला का शव ढुंढ निकाला। जिसके बाद महिला के शव को लम्बगांव पुलिस के हवाले अग्रिम आवश्यक कार्यवाही के लिए सौंप दिया। महिला के शव को सर्च करने में एसडीआरएफ टीम के मुख्य आरक्षी राकेश रावत सहित प्रदीप नेगी, मातबर सिंह, अनिल व कविंद्र की भूमिका अहम रही। (एजेंसी)

## गंगोत्री हाईवे धरासू तो यमनोत्री हाईवे कल्याणी में आवाजाही के लिए बंद

उत्तरकाशी : भारी बारिश के कारण गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे जगह-जगह यातायात के लिए घंटों बाधित रहे। धरासू में भारी मलबा गिरने के कारण दोपहर बाद मार्ग आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। यमुनोत्री हाईवे कल्याणी व अन्य स्थानों पर बंद रहा। रात में हुई भारी बारिश के कारण गंगोत्री हाईवे तड़के बंदरकोट समेत करीब पांच स्थानों पर यातायात के लिए बंद हो गया था। हाईवे पर मनेरी डैम, लालढांग, हेलगूगाड, धरासू आदि स्थानों पर मलबा आने से आवाजाही दोपहर तक ठप रही। इस कारण यात्री खासे परेशान रहे। सैकड़ों की संख्या में यात्री वाहन घंटों जाम में भूखे प्यासे फंसे रहे। गंगोत्री हाईवे पर लालढांग, मनेरी डैम आदि स्थानों पर दोपहर बाद हाईवे यातायात के लिए बहाल हो गया, लेकिन धरासू में भारी चट्टानी मलबा गिरने के कारण यातायात बाधित पड़ा है। धरासू में हाईवे के दोनों ओर यात्री वाहन जाम में फंसे हैं।

# कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया, शहीदों को किया याद




**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : शौर्य एवं पराक्रम का उत्सव ''कारगिल विजय दिवस'' जनपद में बडे हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला पंचायत परिसर में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी हिमांशु खुराना सहित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (से.नि.) भास्कर बनर्जी, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान और तमाम जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने कारगिल शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुलिस एवं एनसीसी जवानों ने शहीदों को सलामी दी। कारगिल युद्ध में देश के 527 जिसमें उत्तराखंड राज्य के 75 और चमोली जनपद के 11 जवानों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया था।

ब्लाक स्तरों पर भी शौर्य दिवस पर पौधरोपण सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शौर्य दिवस पर जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में कारगिल शहीद नायक दिलवर सिंह के भतीजे रोहित, शहीद राइफल मैन अमित नेगी के चाचाजी बलवंत सिंह, शहीद सिपाही हिम्मत सिंह के परिजन विक्रम सिंह, शहीद नायक आनंद सिंह के भाई खुशाल सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीलंका में लिबरेशन तमिल टाइगर के उग्रवादियों से लोहा लेते हुए शहीद राइफल मैन सुरेन्द्र सिंह की पत्नी शांति देवी, नायक आनंद सिंह की पत्नी कला देवी एवं शहीद सैनिक जगदीश प्रसाद पुरोहित पत्नी ऊषा देवी को भी सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम अपने देश के अमर शहीदों की शहादत से खुली हवा में सांस ले रहे है। उन्होंने सभी को सैनिकों के अदम्य साहस एवं शौर्य गाथाओं से प्रेरणा लेने की बात कही। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (से.नि.) भास्कर बनर्जी ने कारगिल शहीदों के सम्मान में उनकी वीरगाथा एवं जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि कारगिल के दुर्गम क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना के घुसपैठियों व सैनिकों को 26 जुलाई को भारतीय सैनिकों ने अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए मार भगाया। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

# जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण प्राथमिकता से करें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं संवर्धन के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जल संरक्षण संवर्धन अभियान के अन्तर्गत सघन वृक्षारोपण, चाल खाल, खंती, चेकडैम और जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण प्राथमिकता पर किया जाए। डीएम ने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विभागीय योजनाओं का मनरेगा से भी कन्वर्जेस किया जाए। सार्वजनिक एवं वन क्षेत्रों में बायो फेंसिंग विधि अपनाते हुए जल संवर्धन प्रजाति के पौधों लगाए जाए। जल संरक्षण के लिए चिन्हित कुछ क्लस्टर को मॉडल के रूप में तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय बनाकर एक विस्तृत प्लान के साथ ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में समयबद्ध ढंग से जल संवर्धन के कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और भूगर्भीय जलस्तर में वृद्धि के लिए जुलाई से सितंबर तक मुख्यमंत्री जल संरक्षण एवं संवर्द्धन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत सभी रेखीय विभागों द्वारा समन्वित रूप से ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जल संग्रहण हेतु चाल खाल, चेकडैम, खंती निर्माण और जल संवर्धन प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे है। नोडल सिंचाई विभाग द्वारा सभी विभागों के साथ मिलकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किए जा रहे है। बैठक में उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे, उप वन संरक्षक इन्द्र सिंह नेगी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, परियोजना निदेशक आनंद सिंह सहित कृषि, उद्यान, पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, पंचायती राज एवं नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

## ड्यूटी को लौट रहा सेना का जवान लापता, खोजबीन शुरू

काशीपुर : छुट्टियां बिताने के बाद ड्यूटी के लिए लौट रहा सेना का जवान संदिग्ध हालात में लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर ढूंढखोज की मांग की है। पुलिस ने जवान की तलाश शुरू कर दी है। गांव तोता बेरिया निवासी रंजीत सिंह पुत्र अवतार सिंह भारतीय सेना में जवान है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा खानपान यूनिट (जी एम यू) को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई–बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **11.08.2023** को आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

2311/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

• **मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 32 एस.एल.आर:-** 18478 (F-II), 13010 (F-I, F-II, R-I) , 12370 (F-I, F-II), 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I),14631 (F-I, F-II, R-I), 19610 (F-I), 15006 (F-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 12328 (F-I, F-II, R-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I),14306 (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत **दिनांक 08.08.2023** (**Timings: 10:00 am**) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

• **मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 34 एस.एल.आर:-** 14320 (F-I, F-II, R-I), 22918 (F-I), 14236 (F-I, F-II, R-I), 14321 (F-I), 14311 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I),12091 (F-I, F-II, R-I), 14711 (F-I, F-II, R-I),14310 (F-I), 14318 (F-I), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14609 (F-I),14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I), 14887(F-I, F-II, R-I), 14304 (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई-नीलामी के तहत **दिनांक 10.08.2023** (**Timings: 10:30 am**) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

2304/23 **कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र गौरव नेगी आयु 30 वर्ष एवं पुत्रवधु काजल मेरे व मेरी पत्नी शांता देवी के कहने-सुनने में नहीं है। जिस कारण मैं अपने अपने पुत्र गौरव नेगी एवं पुत्रवधु काजल को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। मेरा पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य एवं लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार रहेगें तथा उनके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन देने के लिए मैं एवं मेरे परिवार के सदस्य जिम्मेदार नहीं रहेगें।

**चन्द्रपाल सिंह नेगी पुत्र स्व0 प्रताप सिंह निवासी ग्राम कलमगंज (लछमपुर), पोस्ट कलालघाटी, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## कार्यशाला शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव में डीईआरजी सामाजिक विज्ञान का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें 15 विकासखंडों के शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यशाला का शुभारंभ डायट के प्राचार्य एलएस दानू ने किया।इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण-2021 के परिणामों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक विज्ञान में जनपद की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कठिन स्थलों पर जिनमें छात्र-छात्राएं संतोषजनक प्रदर्शन नहीं कर पा रहे है उन पर लगातार अभ्यास करने की आवश्यकता है। इस मौके पर गढ़वाल विवि के समाजशास्त्र विज्ञान विभाग के डा. जय प्रकाश भट्ट ने आधुनिक शिक्षा के महत्वपूर्ण पहलू प्रोजेक्ट शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान व सामाजिक परिवेशीय ज्ञान के अध्ययन पर बल दिया। डायट प्रवक्ता नीलिमा शर्मा और राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बलराज गुसांई ने सामाजिक विज्ञान विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आदर्श नागरिक बनाने में उसके योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम में राशि संघ के संरक्षक जयदीप रावत, डा. दीपक तिवाड़ी आदि ने भी विचार रखे। (एजेंसी)

# 80 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार, 700 लीटर लाहन किया नष्ट



चमोली : थाना पुलिस जोशीमठ ने मुखबिर की सूचना पर टैक्सी स्टैंड के निकट के मोहल्ले में कच्ची शराब के कारोबार में लिप्त एक महिला समेत दो पुरुषों को गिरफ्तार किया है। इनसे प्राप्त 700 लीटर लाहन को पुलिस ने नष्ट कर दिया है। थाना एसआई संजय सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस को कुछ समय से नगर में कच्ची शराब के कारोबार की सूचना मिल रही थी बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस ने टीम गठित कर जोशीमठ के दो मकानों के आंगन से 80 ली. कच्ची शराब, 700 ली. लाहन व नगद 2 लाख 33 हजार रुपये और कच्ची शराब बनाने के उपकरण समेत एक महिला व दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए तीनों लोग नेपाल मूल के हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में प्रेम सिंह बोरा उम्र 62, रेखा देवी उम्र 50 और गन बहादुर उर्फ किशोर उम्र 55 निवासीगण नेपाल हैं। एसआई संजय सिंह ने बताया कि टीम में उनके साथ आरक्षी अरुण गैरोला, आरक्षी हरीश कांडपाल, आरक्षी मनोज बिष्ट, आरक्षी अवतार रावत, आरक्षी देवेंद्र सिंह राणा, महिला आरक्षी निर्मला शामिल रहे। (एजेंसी)

# इंटर कॉलेज बड़कोट में छात्र संसद का किया गठन

उत्तरकाशी : न्यू होली लाइफ इंटर कालेज बड़कोट में विद्यालयी क्रियाकलापों की सक्रियता बढ़ाने को छात्र संसद का गठन किया गया। छात्र संसद गठन में विधिवत निर्वाचन की प्रक्रिया के बाद साहिल मलिक को सेनापति और दिव्यांशी को उप सेनापति घोषित किया गया। जबकि सदन प्रमुख में श्रीदेव सुमन सदन में आयुस और प्रभा, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सदन में सुजल, दिवांशी, तिलु रोतेली सदन में साहिल और साधना, गौरा देवी सदन में अंकुश और सामिया को सदन प्रमुख निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा अनुशासन विभाग में शिवम, स्नेहा, विज्ञान विभाग में राजदीप, तानिया, स्वछता विभाग में अनुष्का, सिद्धिधात्री, क्रीड़ा विभाग में निर्मल, दिव्यांशी, वंदना विभाग में आंचल, हिमानी सांस्कृतिक विभाग में स्वेजल, हिमेश खोयापाया विभाग में कान्हा, प्रियांशु, पुस्तकालय में दिव्यांशी, अंजली, चिकित्सा विभाग में अंशिका व आदित्य निर्वाचित घोषित किये गए। निर्वाचित छात्रों को विद्यालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक डिमरी ने शपथ दिलाई गई। न्यू होली लाइफ इंटर कालेज की व्यवस्थापिका गायत्री बहुगुणा ने बताया कि विद्यालय में लोकतंत्र की प्रक्रिया को प्रयोगात्मक तौर पर समझाने के लिए प्रतिवर्ष छात्र संसद का गठन किया जाता है, जिसमे विधिवत रूप से निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई जाती है। इस मौके पर प्रबंध निदेशक मनोज जोशी, बृजमोहन बिजल्वाण, दिनेश पंवार, प्रवीन बहुगुणा, काजल, शीतल, दीपिका जयाड़ा, रीना बधानी, मीनाक्षी सेमवाल, कंचन, अंजू चौहान, निर्मला, पूजा, कृष्णा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ0रे0 मुरादाबाद, भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक व्यक्तियों से जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक हेतु आवेदन पत्र महत्वपूर्ण शहरो के विभिन्न भागो में जे0टी0बी0एस0 के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित करते है।

| क्रम संख्या | मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों के लिए जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं– | कार्यकाल | आवेदन प्रपत्र का मूल्य | स्थान का नाम व पता जहां से आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे | आवेदन पत्र जमा करने का समय एवं तिथि तथा आवेदन खुलने की तिथि एवं समय | रेलवे की वेबसाइट का नाम जिसमें पूर्ण नियम व शर्तें तथा आवेदन का प्रारूप पत्र पर देखा व डाउनलोड किया जा सके। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरेली–16, हरिद्वार–14, देहरादून–10, मुरादाबाद –14, हापुड – 14, शाहजहाँपुर–13, हरदोई– 9. चन्दौसी–10. रूड़की–9, रामपुर – 18, ऋषिकेश–5, नजीबाबाद – 5, लक्सर–5, अमरोहा–10 रायवाला–2, पिलखुआ – 3. संडीला 2, गजरौला–5, धामपुर–2, चाँदपुर स्याऊ–2, ज्वालापुर–1, सीतापुरसिटी–1, पीताम्बरपुर–2, राजाका सहसपुर – 2, तिलहर –2 कोटद्वार–5, बुलंदशहर–2, बबराला–2, बिजनौर–3, नगीना–2, गढ़मुक्तेश्वर–2, स्योहरा–2, रोजा–2, कॉठ–2, हल्दौर–2, मोतीचूर–2, मौज्जमपुरनारायण–2, कटघर–2, माधोगंज– 2, बॉगरमऊ–2, खुर्जासिटी–2, मंडीधनौरा –2, दबतरा– 2, ऑझीशाहबाद – 2, राजघाटनरौरा –2, आसफपुर –2, विशारतगंज–2, मल्लॉवा–2, अतरौली रोड–2, डिबाई–2, हकीमपुर – 2, नैमिषारण्य–2, ऑवला –1 | तीन वर्ष (03) | प्रत्येक स्टेशन के लिए आवेदन का मूल्य रू0 295/- | वाणिज्य शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उ0रे0. मुरादाबाद | आवेदन फार्म को जमा करने की तिथि 25.08.2023 खुलने की तिथि उसी दिन 15.00 बजे से | www.nr.indianrailways.gov.in प्रवर मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक उ0रे0, मुरादाबाद का कार्यालय का सूचनापट |

निविदा सूचना संख्याः 1–जे0टी0बी0एस0 – पोलिसी–2006 पार्ट–II दिनांक 26.07.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2303/23

## सम्पादकीय

## सख्त प्रक्रिया से मिले एनओसी

सरकारी तंत्र की सबसे बड़ी कमी यह है कि वह तब तक हरकत में नहीं आती जब तक कहीं कोई हादसा ना हो जाए। सड़क दुर्घटनाएं हो या फिर विभिन्न प्रोजेक्ट से जुड़े हादसे, सुरक्षा के मानकों को लेकर कहीं ना कहीं अनदेखी तो होती आई है जिसका खामिया पिछले दिनों नमामि गंगे चमोली प्लांट जैसे हादसों के तौर पर सामने आता है। यह हादसा हो सकता है भविष्य में इस प्रकार के घटनाक्रमों को रोकने के लिए एक मील का पत्थर साबित हो लेकिन दुर्भाग्य यह भी है कि यहां छोड़ी गई कमियों के कारण 16 लोग मृत्युकारित हो गए। अब चाहे हम जितने भी ढोल पीट लें या फिर कितने भी आंसू बहा लें हादसे का शिकार बने लोग वापस नहीं आ सकते। हादसे होते हैं तो उनसे सबक भी लिया जाता है।

निश्चित तौर पर सरकार कोशिश कर रही है कि चमोली करंट हादसे जैसी घटना भविष्य में कभी दोबारा ना हो, तथापि इसके लिए अब ऊर्जा विभाग को राज्य के लगभग पांच दर्जन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की जांच करने के आदेश दिए गए हैं। विद्युत विभाग ने भी टीमों का गठन करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है जिसके तहत विद्युत विभाग हर प्लांट की कमियों को उजागर करेगा। सवाल तो यह भी होता है कि यदि प्लांट में पहले से ही कमियां है तो इन्हें एनआईसी कैसे जारी कर दी गई? सभी जानते हैं कि हमारे देश में कई कार्य ऐसे होते हैं जहां नियम कानून को तात्पर्य रखकर वह कार्य भी हो जाते हैं जो कर्मचारियों की जिंदगियों से खिलवाड़ का कारण बन सकते हैं। ऐसे तमाम संस्थान फैक्ट्रियां बड़े–बड़े व्यावसायिक संस्थान उत्तराखंड में कार्य कर रहे हैं जहां यह कहना मुश्किल है कि सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करने के लिए बने सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र पूरी तरह से जांच परख के बाद ही जारी किए गए हैं।

अधिकांश फैक्ट्री में अग्निशमन से संबंधित सुरक्षा मानक राम भरोसे हैं, सिर्फ निजी संस्थान ही क्यों, चमोली करंट हादसा यह बताने के लिए काफी है कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी नियम कानून की जमकर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं। किसी हादसे के बाद यदि ऊर्जा विभाग 63 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की जांच कर रहा है तो यह अच्छी बात है अन्यथा यह कार्य तो इन प्लांट के शुरू होने से पूर्व ही पूरा कर लेना चाहिए था। हादसों के बाद त्वरित प्रतिक्रिया दिखाते हुए सरकारी तंत्र जांच कमेटी या व तकनीकी टी में गठित करता तो है लेकिन इनके परिणाम का क्या असर होता है यह कभी नजर नहीं आया। यह ठीक वैसे ही है जैसे त्योहारों के समय मिलावटी खाद्य पदार्थ के सैंपल लेने के बाद उस पर की गई कार्रवाई कभी सामने ही नहीं आती। असल में एक पूरे तंत्र को व्यापक सुधार की जरूरत है जिसमें मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़े विषय में समझौता करने का कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। किसी भी संस्थान के लिए सुरक्षा मानकों की एनओसी जारी करने में बेहद सख्त नियम का पालन करना बेहद जरूरी है और यदि कोई भी विभाग इसमें कोताही भरता है तो हादसे होने की दशा में उक्त विभाग के तत्कालीन कर्मचारियों पर भी सख्त कार्रवाई करने का साहस जुटाना चाहिए।

# पाबंदी लगाना एक गलत नीति है

**अजीत द्विवेदी**




**उत्तर प्रदेश, हरियाणा, नेपाल, झारखंड जिसे जहां से मौका मिल रहा है वहां से गाड़ी में भर कर शराब बिहार पहुंचा रहा है। बिहार के छोटे छोटे बच्चे शराब की तस्करी में शामिल हैं। शराब के इस धंधे से जो अर्थव्यवस्था बनी है उसकी वजह से जमीन का कारोबार फल–फूल रहा है और जमीन के कारोबार में बिहार में जितनी हत्याएं हो रही हैं, उतनी देश के किसी दूसरे हिस्से में शायद ही हो रही होगी। एक पूरा दुष्चक्रबना है, जिसमें बिहार की पीढ़ियां बरबाद हो रही हैं। वहां भी पाबंदी की बजाय नियमन पर ध्यान दिया गया होता तो सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं होता, तस्करी और काले धन की सामानांतर अर्थव्यवस्था नहीं बनती और न इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत होती।अभी भारत सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। इस फैसले को उपभोक्ताओं के हित में बताया जाएगा लेकिन यह किसान विरोधी भी हो सकता है। दूसरे इस बात की कोई गारंटी नहीं होती है कि उपभोक्ता को इसका फायदा मिलेगा ही। गेहूं के निर्यात पर पाबंदी के असर में इसको देखा जा सकता है। पिछले साल मई में सरकार ने गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई थी।**

मणिपुर में तीन मई से इंटरनेट पर पाबंदी है। तभी सवाल है क्या इससे मणिपुर में हिंसा नियंत्रित करने या शांति बहाल करने में कोई मदद मिली है? सरकार ने ट्विटर, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मणिपुर की महिलाओं का वीडियो डिलीट करने को कहा। तो क्या उससे वीडियो वर्चुअल स्पेस से हट गए हैं या उलटे उनका ज्यादा व्यापक प्रसार हुआ है और ये वीडियो हर व्यक्ति के स्मार्टफोन में पहुंच गए? बिहार में सरकार ने शराब पर पाबंदी लगा दी। तो क्या बिहार में शराब की बिक्री और सेवन बंद हो गया? गैर बासमती चावल के निर्यात पर केंद्र सरकार ने पाबंदी लगा दी है। तो क्या इससे घरेलू बाजार में चावल की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाएगी और उसकी कीमत नियंत्रण में रहेगी? ध्यान रहे पिछले साल गर्मियों में भारत सरकार ने गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई थी फिर भी गेहूं की कीमत बढने् की दर दहाई में रही। इस तरह की पाबंदियों की सूची लंबी हो सकती है। कहीं प्रदर्शन पर पाबंदी लगा दी जाती है तो कहीं किसी स्टैंड अप कॉमेडियन के शो पर पाबंदी लगा दी जाती है। हालांकि अविवाहित महिलाओं को 'खाली प्लॉट' और विवाहित महिलाओं को 'रजिस्टर्ड प्लॉट' बताने की बेहूदगियां पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ चलती रहती हैं। उन पर पाबंदी लगाने के बारे में सोचा भी नहीं जाता है।

बहरहाल, पाबंदी लगाने का कोई भी फैसला कामयाब नहीं होता है। यह बहुत गलत नीति है क्योंकि इससे सिर्फ नुकसान होता है। मणिपुर इसकी मिसाल है। मणिपुर में तीन मई को मैती और कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई थी और उसी दिन इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई। ब्रॉडबैंड की सेवा बंद कर दी गई। इसका नतीजा यह हुआ कि पहले दो दिन तक हिंसा को लेकर कोई खबर नहीं आई। दो दिन के बाद जो पहली खबर मिली वह 54 लोगों के मारे जाने की थी। हिंसा शुरू होने के 77 दिन बाद दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और यौन हिंसा करने का एक वीडियो सामने आया। यह वीडियो चार मई का ही है। इंटरनेट पर पाबंदी के बावजूद यह वीडियो सामने आया और उसके बाद मणिपुर से लेकर मिजोरम तक तनाव बना हुआ है। अगर इंटरनेट पर पाबंदी नहीं होती तो हो सकता है कि यह वीडियो पहले सामने आ जाता और तब भी ऐसी ही प्रतिक्रिया होती, जैसी अभी हुई है। लेकिन इंटरनेट बंद होने का खामियाजा यह हुआ कि लोग इस घटना की या ऐसी किसी दूसरी घटना की पुष्टि नहीं कर पा रहे थे और इस बीच अफवाहें फैलाने वालों को मौका मिल रहा था। कुकी और मैती समुदाय के बीच ज्यादातर हिंसा अफवाहों की वजह से हुई है।

इसलिए कहीं भी इंटरनेट बंद करने की बजाय इंटरनेट के जरिए फर्जी खबर और वीडियो फैलाए जाने को रोकने की कोशिश होनी चाहिए। पाबंदी समाधान नहीं है। अगर सरकार बेहतर ढंग से नियमन करे और फेक न्यूज फैलने से रोके तो इंटरनेट पर पाबंदी की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन भारत में इसका उलटा होता है। बात बात पर इंटरनेट बंद कर दिया जाता है। पिछले साल यानी 2022 में इंटरनेट बंद करने की 84 घटनाएं हुई हैं, जिनमें से 49 अकेले जम्मू कश्मीर में हुईं। सोचें, जहां अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पूरी शांति बहाल हो जाने का दावा किया जा रहा है वहां एक साल में 49 बार इंटरनेट बंद करने की जरूरत पड़ी। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की रिपोर्ट के मुताबिक 2016 से 2022 के बीच दुनिया भर में आधिकारिक रूप से जितनी बार इंटरनेट बंद किया गया उनमें 58 फीसदी अकेले भारत में हुआ। सोचें, लोकतंत्र की जननी भारत के बारे में!

इसी तरह शराब पर पाबंदी का मामला है। बिहार में कई किस्म के आंकड़ों से शराबबंदी की सफलता बताई जाती है। इसमें एक आंकड़ा यह है कि महिलाओं के प्रति और घरेलू हिंसा में कमी आई है। लेकिन एक दूसरा आंकड़ा यह है कि अप्रैल 2016 में शराबबंदी लागू होने के बाद से लेकर दिसंबर 2022 तक यानी साढ़े छह साल में बिहार में जहरीली शराब से एक हजार लोगों की मौत हुई है। यह आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता है क्योंकि शराब से होने वाली मौतों को स्थानीय प्रशासन किसी बीमारी से हुई मौत बता कर आंकड़े छिपा देता है। फिर भी एक हजार लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार शराबबंदी है। शराबबंदी के सख्त नियम की वजह से लाखों लोग जेल में बंद हैं। अब नियमों में ढील दी जा रही है लेकिन अब तक काफी देर हो चुकी है। लोगों की मौतों के अलावा समूचे बिहार में एक सामानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी हो गई है– शराब की तस्करी की अर्थव्यवस्था!

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, नेपाल, झारखंड जिसे जहां से मौका मिल रहा है वहां से गाड़ी में भर कर शराब बिहार पहुंचा रहा है। बिहार के छोटे छोटे बच्चे शराब की तस्करी में शामिल हैं। शराब के इस धंधे से जो अर्थव्यवस्था बनी है उसकी वजह से जमीन का कारोबार फल–फूल रहा है और जमीन के कारोबार में बिहार में जितनी हत्याएं हो रही हैं, उतनी देश के किसी दूसरे हिस्से में शायद ही हो रही होगी। एक पूरा दुष्चक्रबना है, जिसमें बिहार की पीढ़ियां बरबाद हो रही हैं। वहां भी पाबंदी की बजाय नियमन पर ध्यान दिया गया होता तो सरकार को राजस्व का नुकसान नहीं होता, तस्करी और काले धन की सामानांतर अर्थव्यवस्था नहीं बनती और न इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत होती।

अभी भारत सरकार ने गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। इस फैसले को उपभोक्ताओं के हित में बताया जाएगा लेकिन यह किसान विरोधी भी हो सकता है। दूसरे इस बात की कोई गारंटी नहीं होती है कि उपभोक्ता को इसका फायदा मिलेगा ही। गेहूं के निर्यात पर पाबंदी के असर में इसको देखा जा सकता है। पिछले साल मई में सरकार ने गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाई थी। अप्रैल में रूस और यूक्रेन का युद्ध छिडने् के बाद तात्कालिक प्रतिक्रिया में यह फैसला हुआ था। इसके बावजूद गेहूं की महंगाई दर दहाई में रही। गैर बासमती चावल के निर्यात पर पाबंदी का असर पूरी दुनिया पर होगा क्योंकि भारत सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश है। अफ्रीकी देशों पर सबसे ज्यादा असर होगा लेकिन भारत सरकार का फैसला आते ही खबर आई कि अमेरिका, ब्रिटेन से लेकर दुनिया के सारे देशों में रहने वाले भारतीय प्रवासी खास कर चावल का ज्यादा उपभोग करने वाले राज्यों के प्रवासी दुकानों के आगे लाइन लगा कर खड़े थे ताकि चावल का स्टोर कर सकें। सरकार का यह फैसला एक झटके में पूरी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करेगा।

ऐसा लग रहा है कि भारत की केंद्र सरकार और उसके पीछे पीछे राज्यों की सरकारों ने भी पाबंदी को एक नीतिगत हथियार बना लिया है। दिल्ली में पहलवान जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन वहां पाबंदी लगा दी गई और उनको हटा दिया गया। बिहार में शिक्षक प्रदर्शन कर रहे थे तो उन पर लाठियां चलवा दी गईं। कोई भी घटना होती है तो सबसे पहले प्रदर्शन पर पाबंदी लगती है। फिर इंटरनेट बंद किया जाता है। कई जगह मेट्रो के स्टेशन बंद कर दिए जाते हैं। लोगों की असहमति के प्रगटीकरण को रोकने के सारे उपाय किए जाते हैं। राजनीतिक मामला हो, आर्थिक मामला हो या कानून–व्यवस्था का मामला हो, सरकारों को सबसे आसान पाबंदी की नीति लगती है। लेकिन यह एक गलत नीति है। सूचना तकनीक की क्रांति और दुनिया के वैश्विक गांव बनने की परिघटना के बीच पाबंदी किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि कई बार यह समस्या को बढ़ाने का कारण बन सकता है।

# साइड फैट को दूर करने के लिए करें ये 5 एक्सरसाइज, जल्द दिखेगा असर



साइड फैट कमर के किनारों पर मौजूद अतिरिक्त चर्बी होता है। इसे आमतौर पर मफिन टॉप के रूप में जाना जाता है।कई लोगों को लगता है कि साइट फैट को कम करना मुश्किल भरा काम है, लेकिन कुछ एक्सरसाइज के जरिए इससे छुटकारा मिल सकता है।आइए आज हम आपको 5 ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिन्हें रोजाना 20–30 मिनट तक करने से साइड फैट को कम करने और पतली कमर बनाने में मदद मिल सकती है।

**साइड प्लैंक**

इसके लिए पैरों को सामने की ओर फैलाकर जमीन पर बैठें और दाएं हाथ की हथेली को जमीन पर रखें।इसके बाद धीरे–धीरे अपने शरीर का सारा वजन दाईं हथेली और दाएं पैर पर डालें।अब बाएं पैर को दाएं पैर पर रखें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर सीधा रखें, फिर अपना ध्यान बाएं हाथ की उंगलियों पर केंद्रित करें।कुछ देर बाद धीरे–धीरे सामान्य हो जाएं।यहां जानिए अलग–अलग तरीकों से की जाने वाली प्लैंक एक्सरसाइज।

**बाइसिकल क्रंच**

एब्डॉमिनल क्रंच एक्सरसाइज का वेरिएशन पार्ट बाइसिकल क्रंच के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेंट जाएं।अब दोनों हाथों को सिर के पीछले हिस्से पर रखें और पैरों को जमीन से थोड़ा ऊपर उठाएं। इस दौरान बिना गर्दन में खिंचाव लाए कंधों को जमीन से थोड़ा ऊपर उठा लें।अब दाएं पैर के घुटने को छाती के पास ले आएं और इसे सीधा करके बाएं घुटने को छाती के करीब लाएं। 5 मिनट तक लगातार धीरे–धीरे ऐसे ही दोहराएं।

**लेग लिफ्ट**

सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर पीठ के बल सीधा लेटें।इसके बाद दोनों पैरों को घुटनों से मोड़ें। इसके बाद एक पैर को 45 डिग्री तक उठाकर वापस नीचे करें।कुछ सेकंड तक इस प्रक्रिया को दोहराएं। प्रत्येक पैर से इसे 15 से 20 बार दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करने से कमर के किनारे पर मौजूद अतिरिक्त चर्बी धीरे–धीरे कम हो सकती है।

**हिप डिप्स**

सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर सीधे लेट जाएं।इसके बाद पैरों को इस तरह से मोड़ें जिससे शरीर का निचला हिस्सा ब्रिज जैसा दिखने लगे। इस दौरान अपने दोनों हाथों को एडियों के करीब लाने की कोशिश करें। अब कूल्हों को धीरे–धीरे एक मिनट तक ऊपर–नीचे करें।यह एक्सरसाइज का एक रेप्स है। ऐसे कम से कम 5 रेप्स करें। आप चाहें तो अपनी सुविधा के लिए सिर के नीचे एक तौलिये को लपेटकर रख सकते हैं।


**डंबल साइड बेंड**

इस एक्सरसाइज के लिए सबसे पहले एकदम सीधे खड़े हो जाएं और दोनों हाथों में अपनी क्षमतानुसार डंबल उठा लें।अब दाएं हाथ को ऊपर उठाएं और बाईं ओर झुककर खुद को अधिक से अधिक स्ट्रेच करने की कोशिश करें।इस अवस्था में 10–15 सेकेंड तक रहें और फिर इसी प्रक्रिया को अपने बाएं हाथ से भी दोहराएं। हर तरफ से कम से कम 20 बार ऐसा करें।बेहतर परिणाम के लिए कुछ दिनों तक इस एक्सरसाइज को लगातार करें।

# स्पेनः चुनावी नतीजा त्रिशंकु, पर लोकतंत्र कायम !

**श्रुति व्यास**

स्पेन में मध्यावधि चुनाव की घोषणा अचानक हुई। तभी यूरोप सकते में था।जानकारों को लगा कि स्पेन की राजनीति में कुछ अशुभ होने जा रहा है। ज्ञानी लोग भविष्यवाणी कर रहे थे कि चुनाव में किसी को बहुमत नहीं मिलेगा। कई पार्टियों का गठबंधन सत्ता में आएगा, जिसमें अति दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी पार्टी भी होगी।और यदि ऐसा हुआ तो सन् 1975 में फासिस्ट तानाशाह फ्रांसिस्को फ्रेंको की मौत के बाद पहली बार स्पेन में अति दक्षिणपंथी सत्ता होगी।



इन चिंताओं के बीच वामपंथ की ओर कुछ झुके हुए मध्यमार्गी प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने यह कहते हुए मध्यावधि चुनाव करवाने के अपने फैसले को सही ठहराया कि दूसरेदेशों में हुए हाल के चुनावों में कट्टर दक्षिणपंथी शक्तियों का बोलबाला रहा है। उन्होंने कहा था, ''आने वाले चुनावों से यह साफ हो जाएगा कि स्पेन की जनता कैसी सरकार चाहती है झ्र जो बाइडन जैसी या डोनाल्ड ट्रंप जैसी, लूला डि सिल्वा जैसी या ज़ायर बोलसोनारो जैसी।"

जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आते गए, प्रचार कटु होता गया और सियासी माहौल में ज़हर घुलता गया।राजनीति दो फाड़ होने लगी। चुनाव दक्षिणपंथ बनाम वामपंथ, लोकतंत्र बनाम तानाशाही का हो गया। दक्षिणपंथी नेताओं का प्रचार प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पर केन्द्रित था। इसका लब्बोलुबाब था कि यदि सांचेज की सत्ता में वापसी होती है तो देश बिखर जाएगा। स्टाइल वही थी जिससे हम सब परिचित हैं झ्र पुराने मूल्यों और परंपराओं का गुणगान, राष्ट्रवाद के जयकारे और स्पेनिश के रूप में पहचान पर जोर आदि।

ध्यान रहे स्पेन में सन 1930 के दशक में हुए गृहयुद्ध और फिर जनरल फ्रेंको की चालीस साला तानाशाही के दौर में स्पेन के लोग दो हिस्सों में बंटे रहे हैं। आज तक इस बारे में खुली बहस नहीं हुई है कि उस गृहयुद्ध में कौन हमलावर था और कौन शिकार! घाव अब भी रिस रहे हैं। इसलिए ऐसा लग रहा था कि स्पेन में दक्षिणपंथ की वापिसी का माहौल है। यूरोप में सबको चिंता थी कि अति दक्षिणपंथी दल वाक्स मैदान में उतर गया है और उसका मध्य दक्षिणपंथी पीपुल्स पार्टी के साथ गठबंधन हो सकता है। वॉक्स समस्त यूरोप के उस रूझान का हिस्सा है जिसमें अति दक्षिणपंथी दलों का वोटिंग परसेंटेज बढ़ रहा है, और ऐसे दल अपने बलबूते पर या मध्य दक्षिणपंथियों से गठजोड़ करके हंगरी, इटली और फिनलैंड में सत्ता हासिल कर चुके हैं। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री गार्डन ब्राउन ने 'ले मोंड' अखबार में इतवार को छपे अपने लेख में वाक्स के एजेंडे को 'डरावना' बताते हुए चेतावनी दी थी कि स्पेन में उसके सत्ता में आने का मतलब होगा "यूरोप का दक्षिणपंथी अंधे कुँए में गिरने की तरफ एक और कदम।"

वाक्स फेमिनिस्म, एलजीबीटीक्यू के अधिकारों और स्पेन के गृहयुद्ध और फ्रांसिस्को फ्रेंको की तानाशाही के दौरान हुए मानवाधिकारों के हनन पर किसी भी चर्चा का विरोधी है। वह प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए स्पेन के कब्ज़े वाले पूर्वी अफ्रीकी शहरों सेउटा और मेलिला के चारों ओर दीवार बनाने का हामी है। उसने पृथकतावादी दलों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक जनमत संग्रह करवाने की मांग की है, जो कि एक खतरनाक संकेत है।

लेकिन रविवार को सामने आये चुनाव नतीजे दोनों में से किसी भी गुट के पक्ष में नहीं रहे। बंटे हुए स्पेन को त्रिशंकु संसद मिली। जैसा कि अनुमान था दक्षिणपंथी खेमे की मध्यमार्गी दक्षिणपंथी पीपुल्स पार्टी 350 में से 136 सीटें जीतकर सबसे आगे रही, जैसा कि अनुमान था। अति दक्षिणपंथी वाक्स पार्टी को मिली 33 सीटें जोडक़र भी यह बहुमत के लिए जरूरी 176 सीटों से पीछे रह गयी। पेड्रो सांचेज, जिनके बारे में माना जा रहा था कि वे सत्ता विरोधी लहर से जूझ रहे हैं, 122 सीटें जीतने में सफल रहे। उनकी पसंदीदा गठबधन साथी अति वामपंथी सुमर पार्टी ने 31 सीटों पर जीत हासिल की। इस तरह यह समूह भी बहुमत से बहुत दूर रह गया।

इस हालात में दुनिया के सबसे विकसित लोकतंत्र स्पेन (फ्रीडम हाउस की फ्रीडम इन द वर्ल्ड रिपोर्ट के अनुसार) की नजरें अब अपने सम्राट फेलिप छठवें पर हैं जो सबसे पहले पीपी (दक्षिणपंथी गठबंधन) के अल्बटी नुनेज़ फीजो को आमंत्रित कर उन्हें बहुमत जुटाने का प्रयास कर प्रधानमंत्री बनने का मौका देंगें। यदि फीजो निमंत्रण ठुकरा देते हैं या बहुमत हासिल नहीं कर पाते है तब सम्राट प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज को यही मौका देंगे। यदि दोनों प्रधानमंत्री पद के लिए होने वाले मतदान के दो माह के अंदर बहुमत प्राप्त नहीं कर पाते तो दुबारा चुनाव करवाए जाएंगे।

इस सबसे स्पेन के नागरिक खुश नहीं हैं। स्पेन के आधुनिक लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार भीषण गर्मी के मौसम में वोट डाले गए और वह भी संडे को। ऐसी खबरें हैं कि वोटिंग के दिन दोनों गुटों के समर्थक अपने–अपने लोगों को मेसेज और फोन के जरिये बाहर निकलने और गर्मी को भूलकर वोट देने को कह रहे थे। चुनाव से कोई निर्णायक नतीजा नहीं निकला और न किसी को बहुमत मिला है। वोटर गर्मी से जूझे और एक दिन की छुट्टी बर्बाद की। पर हाय री किस्मत! गर्मियों के बाद शायद सब कुछ फिर से दुहराया जाएगा। पर एक बात तो है। स्पेन में लोकतंत्र कायम है और अपना काम कर रहा है।

## आग फैल रही है

उत्तर–पूर्व अनेक आदिवासी समुदायों का घर है, जिनमें अपनी अलग पहचान को जताने की प्रवृत्ति बढ़ती चली गई है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मणिपुर में सत्ताधारी पार्टी खुद इस होड़ में शामिल हो गई दिख रही है। जबकि मणिपुर में लगी आग की लपटें दूसरे राज्यों में भी पहुंचने लगी हैं।

मणिपुर में हालात अभी भी उबाल पर हैं, जबकि अब इसकी लपटें मिजोरम को भी झुलसाने लगी हैं। मणिपुर में हिंसा जारी रहने के कारण वहां से मैतेई समुदाय के कई लोगों ने मिजोरम जाकर पनाह ली थी। मिजोरम सरकार ने उनके वहां रहने की व्यवस्था की थी। लेकिन इसी बीच चार मई का वह भयानक वीडियो वायरल हो गया, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्नावस्था में परेड कराते दिखाया गया। इसके बाद से उत्तर–पूर्व के कई आदिवासी समुदायों में गुस्से की खबर मिल रही है। पहले यह खबर आई की नगा समुदाय खफा है। उसकी तरफ से आशंका जताई गई है कि जो कुकी महिलाओं के साथ हुआ, वह उनके समुदाय की महिलाओं के साथ भी हो सकता है। इसी बीच मिजोरम के आदिवासी समुदाय उस वीडियो को देख कर इतना भडक़े कि उन्होंने मैतेई समुदाय के लोगों के लिए चेतावनी जारी कर दी कि वे उनके राज्य से चले जाएं। इसका तुरंत असर हुआ। खबर है कि बड़ी संख्या में मैतेई समुदाय के लोग विमान, बस या टैक्सी से मणिपुर की तरफ रवाना हो चुके हैं। मुद्दा यह है कि जिन हालात के कारण ये लोग अपना घर–बार छोड़ कर गए थे, उनमें मणिपुर में कोई सुधार नहीं हुआ है। इस बीच विवाद दूसरे इलाकों और समुदायों तक फैलने लगा है। उत्तर–पूर्व अनेक आदिवासी समुदायों का घर है, जिनमें अपनी अलग पहचान को जताने की प्रवृत्ति बढ़ती चली गई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जब निहित स्वार्थी तत्व इन प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहे थे, तब उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की गई। इस बीच ऐसा लगता है कि मणिपुर में सत्ताधारी पार्टी खुद इस होड़ में शामिल हो गई है। कुकी समुदाय से आने वाले खुद इसी पार्टी के विधायकों ने मुख्यमंत्री पर एक समुदाय विशेष की तरफ से काम करने और फैसले लेने का आरोप लगाया है। इससे शिकायतें इतनी गहरा गई हैं कि मसले का हल निकालना और कठिन होता जा रहा है। दूसरी तरफ केंद्रीय नेतृत्व है, जो मणिपुर की घटनाओं की तुलना दूसरे राज्यों की घटनाओं से करने की सियासत में शामिल हो गया है।

## बिहार में क्या कांग्रेस टूटेगी?

कर्नाटक में 2019 में और मध्य प्रदेश में 2020 में कांग्रेस टूटी थी। दोनों जगह कांग्रेस से टूटे विधायकों की मदद से भाजपा ने सरकार बनाई। उधर 2021 में मेघालय में तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को तोड़ा था। लेकिन उसके बाद किसी भी राज्य में कांग्रेस को तोडने् का अभियान सफल नहीं हुआ। चाहे वह अभियान भाजपा ने किया हो या किसी और पार्टी ने। राजस्थान में 2020 में ही लग रहा था कि पार्टी टूट जाएगी लेकिन अशोक गहलोत ने पार्टी और सरकार दोनों बचा ली। झारखंड में कई सालों से चल रहा प्रयास असफल रहा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के टूटने की की अटकलें कई महीनों से चल रही हैं। इसी तरह अब चर्चा है कि बिहार में कांग्रेस पार्टी टूट सकती है। यह चर्चा खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बयान से शुरू हुई।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन महागठबंधन के विधायकों की बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा को निशाना बना कर उनसे पूछा कि क्या वे भाजपा में जाने की सोच रहे हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री को इस बारे में पक्की सूचना है कि कांग्रेस के कुछ विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। इनकी संख्या को लेकर कंफ्यूजन है। यह संख्या 11 से 13 बताई जा रही है। कांग्रेस के एक जानकार नेता का कहना है कि अभी दो–तिहाई संख्या नहीं पूरी हो रही है। यानी 13 विधायक पूरे नहीं हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के साथ साथ जदयू और राजद दोनों के नेता भी कांग्रेस को टूटने से बचाने में लगे हैं। टूटने की चर्चाओं की वजह से ही कांग्रेस विधायक दल के नेता को हटा भी नहीं है, जबकि अखिलेश प्रसाद सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से ही अजीत शर्मा को हटाने की चर्चा चल रही है।

# 'हमारे तीसरे कार्यकाल में शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचकर रहेगा भारत' : पीएम मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में नए आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स 'भारत मंडपम' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे तीसरे कार्यकाल में हम दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पहले कार्यकाल में भारत दुनिया की दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था था, अब दूसरे कार्यकाल में हम पांचवे नंबर पर आ गए हैं और हमारे तीसरे कार्यकाल में हम दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। आगे बोले कि ये मोदी की गारंटी है। आप 2024 के बाद अपने सपनों को अपनी आंखों से पूरा होते हुए देखेंगे।

उन्होंने कहा कि दूसरे कार्यकाल में आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर मैं देश को ये भी विश्वास दिलाऊंगा कि तीसरे कार्यकाल में दुनिया की पहली तीन अर्थव्यवस्थाओं में एक नाम भारत का होगा। आज देश का विश्वास पक्का हो गया है कि अब भारत की विकास यात्रा रुकने वाली नहीं है।

प्रगति मैदान में आत्मविश्वास से लबरेज प्रधानमंत्री मोदी ने जब ये बातें कहीं तो पूरा सभागृह मोदी–मोदी के उद्घोष से गूंज उठा। इस आत्मविश्वास से भरी गर्जना के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कई सारे आंकड़ों के माध्यम से 2014 के पहले और उसके बाद देश में हुए विकास कार्यों की तुलना की। इन आंकड़ों के माध्यम से मोदी ने विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस पर करारा तंज किया।

पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि आज सपनों को साकार होते हुए देख रहा हूं। सबसे पहले पीएम ने एक अद्भूत दृश्य मेरे सामने है। भव्य है, विराट है। आज अपनी आंखों के सामने सपनों को साकार होते हुए देख रहे हैं तब मुझे एक प्रसिद्ध कविता की पंक्तियां गुनगुनाने का मन करता है। भारत मंडपम को देखकर हर भारतीय आनंदित है और गर्व महसूस कर रहा है। भारत मंडपम भारत के सामर्थ्य का, भारत की नई उर्जा का आह्वान है। भारत मंडपम भारत की भव्यता और इच्छाशक्ति का दर्शन है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि यह करगिल विजय दिवस है। हमारे वीर बेटे–बेटियों ने देश के दुश्मनों को हराया। मैं करगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले हर नायक को श्रद्धांजलि देता हूं।कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत मंडपम देखने के बाद हर भारतीय खुश है, गर्व से भरा है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि इस कॉम्प्लेक्स के निर्माण को रोकने के लिए नकारात्मक सोच वालों ने क्या–क्या कोशिशें नहीं की, अदालतों के चक्कर काटे थे। कुछ लोगों की फितरत होती है हर अच्छे काम को रोकने, टोकने की। जब कर्तव्य पथ पर बन रहा था तो न जाने क्या क्या कथाएं चल रही थीं। अखबार, ब्रेकिंग न्यूज में न जाने क्या–क्या चल रहा था। कर्तव्य पथ बनने के बाद वे लोग भी दबी जुबान में कहने लगे कि अच्छा हुआ है।

बता दें कि प्रगति मैदान पुनर्विकास परियोजना के तहत आईईसीसी (एकीकृत प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर) को एक आधुनिक परिसर के तौर पर तैयार किया गया है। परियोजना की कुल लागत 2,254 करोड़ रुपये है। मंत्रालय ने बताया, लगभग 123 एकड़ क्षेत्र के साथ यह परिसर दुनिया के शीर्ष 10 प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में से एक है। सम्मेलन केंद्र के 'लेवल–3' पर 7,000 लोगों के बैठने की क्षमता है, जो इसे ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक सिडनी ओपेरा हाउस से अधिक बड़ा बनाता है, जहां तकरीबन 5,500 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

## कारगिल विजय दिवस पर खडगे़, राहुल ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बुधवार को 24वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। एक ट्वीट में, खडगे़ ने कहा, कारगिल विजय दिवस पर हमारे सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों, उनके परिवारों और सभी भारतीयों को बधाई। हमारे बहादुरों की शहादत को सलाम, जिन्होंने कारगिल युद्ध में हमारी मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। हमें उन पर गर्व है। उनका अदम्य साहस और वीरता पीढियों को प्रेरित करेगी। जय हिंद।

सैनिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए, राहुल गांधी ने हिंदी में ट्वीट किया, कारगिल विजय दिवस पर भारत की सीमा की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी बहादुर सैनिकों को सलाम। देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। जय हिंद।

इस मौके पर देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को पाकिस्तानी घुसपैठियों के खिलाफ लड़े गए युद्ध की याद में मनाया जाता है।

## पीएम और यूपी सीएम के आधार कार्ड से छेड़छाड़ करने के आरोप में युवक गिरफ्तार


**मुजफ्फरपुर ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आधार कार्ड में छेड़छाड़ करने के आरोप में अहमदाबाद साइबर थाने की पुलिस ने बिहार के मुजफ्फरपुर के कांटी थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि अहमदाबाद पुलिस ने कांटी थाना क्षेत्र के सादतपुर दुबे टोला में छापेमारी कर अर्पण दुबे को गिरफ्तार किया है।उन्होंने बताया कि दुबे का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।

बताया जाता है कि अहमदाबाद साइबर पुलिस ने दुबे से पूछताछ की और उसे अदालत में प्रस्तुत किया और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मंगलवार की रात गुजरात रवाना हो गई। कांटी के थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि दुबे पर आरोप है कि प्रधानमंत्री और यूपी के मुख्यमंत्री के आधार कार्ड में जन्मतिथि और अन्य डाटा के साथ उसने छेड़छाड़ का प्रयास किया था। बताया जाता है कि गिरफ्तार अर्पण स्नातक का छात्र है। पुलिस के मुताबिक उसके मोबाइल से आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ के साक्ष्य भी मिले हैं।

## मणिपुर मुद्दे पर संसद में घमासान: कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ दिया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** मणिपुर मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में घमासान मचा है। इसी मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष आज अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है। कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस पर सरकार का बयान भी सामने आया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष पर हमला किया है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि लोगों को पीएम मोदी और भाजपा पर भरोसा है। वे (विपक्ष) पिछले कार्यकाल में भी अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस देश की जनता ने उन्हें (विपक्ष) सबक सिखाया है।वहीं, अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने सहमति जताई है। इसे लेकर कांग्रेस ने अपने सांसदों को व्हिप भी जारी किया है। बता दें कि विपक्ष की मांग है कि मणिपुर मुद्दे पर पीएम मोदी खुद बयान दें, जबकि सरकार का कहना है कि वह मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्षी दल एक नियम के तहत चर्चा के लिए दबाव डाल रहे हैं।

## धरती की तरफ 47 हजार किमी की रफ्तार से आ रही आफत! नासा ने जारी की चेतावनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरिक्ष कई रहस्यों से भरा हुआ है। अंतरिक्ष में कई ऐसी घटनाएं घटती हैं, जो धरती के लिए खतरा माना जाती हैं। एस्टेरॉयड को भी काफी लंबे समय से धरती के लिए खतरा माना जा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, धरती से एस्टेरॉयड टकराता है, तो बड़ी तबाही मच सकती है। बताया जाता है कि एक बार धरती और एस्टेरॉयड की टक्कर हुई थी जिसके बाद पृथ्वी से डायनासोर का खात्मा हो गया था।

हालांकि कई बार वैज्ञानिकों की तरफ से धरती से एस्टेरॉयड के टक्कर होने की संभावना जताई गई, लेकिन कभी भी ऐसी घटना नहीं घटी। इन दिनों धरती के पास से लगातार एस्टेरॉयड गुजर रहे हैं। अब एक बार फिर खगोलशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि एक विशालकाय उल्का पिंड यानी एस्टेरॉयड धरती की तरफ बढ़ रहा है, जिसकी पृथ्वी की कक्षा से अगले हफ्ते टक्कर हो सकती है। आइए जानते हैं कि वैज्ञानिकों ने क्या चेतावनी दी है?अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, इस विशालकाय एस्टेरॉयड का आकार शंघाई टावर के बराबर है। शंघाई टावर दुनिया की सबसे बड़ी इमारत है। यह एस्टेरॉयड अगले हफ्ते चार अगस्त को धरती की कक्षा से टकराकर गुजरेगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वैज्ञानिकों ने इस एस्टेरॉयड का नाम दछ433 रखा गया है, जो धरती की तरफ से तेजी से बढ़ रहा है। यह धरती से तीन साल में एक धरती से गुजरता है। इससे पहले साल 2020 में जुलाई में भी धरती के पास से गुजरा था। क्यूएल433 नाम के उल्कापिंड की रफ्तार करीब 47,232 किलोमीटर प्रति घंटा है।

### कारगिल विजय दिवस पर राजनाथ सिंह का पड़ोसी देश को सख्त संदेश

## जरूरत पडने पर नियंत्रण रेखा भी पार करेगी भारतीय सेना

**कारगिल ,(एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर पड़ोसी देश को सख्त संदेश देते हुए कहा कि यदि भारत की ओर नजर उठा कर देखा गया तो सेना नियंत्रण रेखा को पार कर दुश्मन को नेस्तनाबूद कर देगी।

राजनाथ सिंह ने बुधवार को विजय दिवस के मौके पर यहां कारगिल के द्रास में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सेना 1999 में ही विजय के बाद नियंत्रण रेखा को पार कर सकती थी, लेकिन भारत की शांतिप्रिय देश की विचारधारा, भारतीय मूल्यों में विश्वास और अंतरराष्ट्रीय नियमों के प्रति वचनबद्धता के कारण उस समय यह कदम नहीं उठाया गया।


उन्होंने कहा, उस समय अगर हमने एलओसी पार नहीं किया, तो इसका मतलब यह नहीं कि हम एलओसी पार नहीं कर सकते थे। हम एलओसी पार कर सकते थे, हम एलओसी पार कर सकते हैं, और जरूरत पड़ी तो भविष्य में एलओसी पार करेंगे। मैं इसे फिर से दोहराना चाहूँगा, कि हम एलओसी पार कर सकते थे, हम एलओसी पार कर सकते हैं, और जरूरत पड़ी तो भविष्य में एलओसी पार करेंगे, इसका मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूँ।रक्षा मंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राष्ट्र का मान–सम्मान और इसकी प्रतिष्ठा सरकार के लिए किसी भी चीज़ से ऊपर है, और इसके लिए वह किसी भी हद तक जा सकती है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में कुछ देशों में युद्ध के अत्यधिक लंबा चलने का हवाला देते हुए उन्होंने देशवासियों से सेनाओं के सहयोग के लिए हर समय तत्पर रहने को कहा उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हर देशवासी को सैनिक की भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी युद्ध केवल सेनाओं के बीच ही नहीं होता उन देशों की जनता के बीच भी युद्ध होता है। उन्होंने कहा, युद्ध में सिर्फ सेना ही नहीं लड़ती बल्कि कोई भी युद्ध दो राष्ट्रों के बीच होता है, उनकी जनता के बीच होता है। आप देखिए, कि किसी भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से सेनाएँ तो भाग लेती ही हैं, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से आप देखें, तो उस युद्ध में किसान से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक व कई सारे पेशों के लोग शामिल होते हैं।

## पांच दशक लंबा संघर्ष लाया रंग, हाटी बिल राज्यसभा से भी पारित

नाहन (सिरमौर), एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के हाटी समुदाय का पांच दशकों लंबा शांतिपूर्ण संघर्ष आखिरकार रंग लाया। बुधवार को समुदाय को जनजाति का दर्जा देने का बिल राज्यसभा से भी पास हो गया। यह बिल लोकसभा में बीते वर्ष 16 दिसंबर को पारित हुआ था। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों की 154 पंचायतों के दो लाख लोगों को उनका जनजातीय सांविधानिक अधिकार मिल जाएगा।

केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दोपहर बाद राज्यसभा में बिल पेश किया। दो घंटे चर्चा के बाद अपराह्न 4:00 बजे के आसपास बिल पारित हो गया। राज्यसभा से बिल पारित होते ही सिरमौर के ट्रांसगिरि इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप, पूर्व विधायक बलदेव तोमर, विधायक रीना कश्यप और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी के प्रयासों से इस मामले में एथनोग्राफिक रिपोर्ट शोध संस्थान के गठन के बाद केंद्र को भेजी थी। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देने का वादा किया था, जिसे भाजपा सरकार ने पूरा कर गिरिपार के हाटी समुदाय को उनका अधिकार दिया है।

## '2004—09 तक नहीं मनाया कारगिल विजय का जश्न'



राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार ने 2004–09 के दौरान 'कारगिल विजय दिवस' नहीं मनाया था, लेकिन अब वे अपने गठबंधन के एक नए नाम के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने 2009 में राज्यसभा में अपने प्रस्ताव की प्रतियां साझा करते हुए एक ट्वीट में कहा, 'क्या आप जानते हैं कि 2004–2009 के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस नहीं मनाया या सम्मान नहीं किया, जब तक कि मैंने संसद में जोर नहीं दिया।'

उन्होंने प्रस्ताव में लिखा था कि जो सदस्य इस आधार पर जश्न का विरोध करते हैं कि यह 'भाजपा का युद्ध' है, उन्हें यह मजाक उड़ाना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'यह हमारे राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य है कि हम इन बलिदानों और कर्तव्यों को याद करें। कारगिल युद्ध 1999 में लड़ा गया था जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी।' भाजपा नेता ने कहा, 'मेरी लगातार मांग के बाद ही तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटनी ने 2010 से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा शुरू की थी।'उन्होंने कहा, 'यह वही यूपीए है जो अपनी शर्म छोड़कर एक नए नाम के पीछे छिपना चाहती है। एक राजनीतिक दल और राजवंश जो कारगिल विजय दिवस या हमारे सशस्त्र बलों की सेवा और बलिदान और पाकिस्तान पर जीत का जश्न नहीं मनाना चाहता था, अब खुद को 'भारत' के रूप में फिर से ब्रांड करना चाहता है। यही कांग्रेस है, जिन्होंने बालाकोट हवाई हमलों का मजाक उड़ाया, जिन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक का मजाक उड़ाया, वे विदेशों में हर अवसर पर भारत को बदनाम करते हैं और फिर भी खुद को 'इंडिया' के रूप में पेश करना चाहते हैं।'

कारगिल विजय दिवस पाकिस्तान पर भारत की जीत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। चंद्रशेखर लंबे समय से सुरक्षा बलों के समर्थक मुद्दों से जुड़े रहे हैं और दिल्ली तथा बेंगलुरु में युद्ध स्मारकों के प्रबल समर्थक रहे हैं।

## भारत—ऑस्ट्रेलिया रक्षा नीति वार्ता कैनबरा में आयोजित हुई

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** 8वीं भारत–ऑस्ट्रेलिया रक्षा नीति वार्ता 24–25 जुलाई 2023 को ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में आयोजित की गई थी। रक्षा नीति वार्ता की सह–अध्यक्षता रक्षा मंत्रालय में विशेष सचिव श्रीमती द्वारा की गई थी। निवेदिता शुक्ला वर्मा, और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग में कार्यवाहक उप सचिव स्टीवन मूर। रक्षा नीति वार्ता के दौरान, दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत और गहरा करने के लिए नई पहल की खोज की। चर्चा रक्षा उपकरणों के सह–विकास और सह–उत्पादन में साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों की पहचान करने पर भी केंद्रित थी। दोनों पक्षों ने आपसी विश्वास और समझ, सामान्य हितों और लोकतंत्र और कानून के शासन के साझा मूल्यों के आधार पर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को पूरी तरह से लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## वो सीमा पर थे, इसलिए आज हम हैं : शिवराज

**भोपाल ,(एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि मातृभूमि के वीर सिपाही सीमा पर थे, इसलिए आज हम हैं। चौहान ने स्थानीय शौर्य स्मारक में शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहा कि वे मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व लुटाने वालों शहीदों को प्रदेश की संपूर्ण जनता की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पाकिस्तान के साथ 1999 का युद्ध लडने़ वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा, आज कारगिल विजय दिवस के गौरवशाली अवसर पर सभी देशवासी हमारे सशस्त्र बलों के असाधारण पराक्रम से अर्जित विजय को याद करते हैं। देश की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान करके विजय का मार्ग प्रशस्त करने वाले सेनानियों को एक कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से मैं श्रद्धांजलि देती हूं और उनकी स्मृति को नमन करती हूं। उनकी शौर्य गाथाएं आने वाली पीढियों को सदैव प्रेरित करती रहेंगी। जय हिंद!

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, कारगिल विजय दिवस भारत के उन अद्भुत पराक्रमियों की शौर्यगाथा को सामने लाता है, जो देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बने रहेंगे। इस विशेष दिवस पर मैं उनका हृदय से नमन और वंदन करता हूं। जय हिंद!

जवानों को याद करते हुए शाह ने कहा, कारगिल विजय दिवस करोड़ों देशवासियों के सम्मान के विजय का दिन है। यह सभी पराक्रमी योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है जिन्होंने आसमान से भी ऊँचे हौसले और पर्वत जैसे फौलादी दृढ़ निश्चय से अपनी मातृभूमि के कण–कण की रक्षा की। भारत माता के वीर सिपाहियों ने अपने त्याग व बलिदान से इस वसुंधरा की न सिर्फ आन, बान और शान को सर्वोच्च रखा बल्कि अपनी विजित परंपराओं को भी जीवंत रखा।

शाह ने कहा, कारगिल की दुर्गम पहाडि़यों पर तिरंगा पुनः गर्व से लहरा कर देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के आपके समर्पण को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से नमन करता हूँ।

## चीन सीमा के नजदीक लोगों को बसाने के लिए दी जाएगी नौतोड़ भूमि, 250 पद भरेगी सरकार



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला स्थित सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। कैबिनेट में 47 विभिन्न एजेंडों पर चर्चा हुई। कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया कि चीन शासित भारत–तिब्बत सीमा के नजदीक लोगों को बसाने के लिए प्रदेश सरकार नौतोड़ जमीन देने की योजना बहाल करेगी। सीमा से सटे लोगों का निचले क्षेत्रों की ओर पलायन रोकने की दिशा में यह बड़ा फैसला है। कैबिनेट ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शिमला, नगर परिषदों व नगर पंचायतों समेत विभिन्न संस्थानों में 250 से अधिक पद भरने की भी मंजूरी दी। कैबिनेट ने यह भी फैसला लिया कि प्रदेश सरकार एक छोटा हेलिकाप्टर लीज पर लेगी।

इसके लिए टेंडर केवल एक ही कंपनी ने लगाया है। पिछले करीब दो महीने से सरकार के पास अपना हेलिकाप्टर नहीं है। मुख्यमंत्री सुक्खू सड़क मार्ग से दौरे कर रहे हैं। वह भारी बारिश से हुई प्राकृतिक आपदा के समय एयरफोर्स या हरियाणा सरकार का हेलिकाप्टर ही इस्तेमाल करते रहे। जनजातीय क्षेत्रों में नौतोड़ जमीन आवंटन की छूट वर्ष 2014 से 2018 के बीच दी गई थी। यह 2018 में ही बंद कर दी गई थी। अब हिमाचल प्रदेश नौतोड़ नियम 1968 को दो वर्षों के लिए कार्यान्वित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्यपाल से अनुरोध किया जा रहा है कि वह संविधान के अनुच्छेद–पांच के तहत दी गई शक्तियों का इस्तेमाल कर इस अधिनियम को निलंबित करे, जिससे यह प्रावधान लागू हो पाए। जनजातीय क्षेत्रों में यह जमीन उन लोगों को दी जा सकती है, जिनके पास 20 बीघा से कम भूमि है।

कैबिनेट के इस निर्णय की जानकारी देते हुए जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि पिछली सरकार के वक्त वर्ष 2014 में भारत के संविधान के अनुच्छेद–पांच के तहत राज्यपाल के पास जो शक्तियां हैं, उनका इस्तेमाल करते हुए नौतोड़ भूमि देने के लिए वर्ष 2014 से 2016 और 2016 से 18 तक वन संरक्षण अधिनियम को निलंबित किया गया। नेगी ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2018 में केवल एक ही व्यक्ति को लाभ दिया है और इस प्रावधान को भाजपा ने आगे नहीं बढ़ाया। अब इस संबंध में कैबिनेट की संस्तुति को राज्यपाल की संस्तुति के लिए भेजा जाएगा। अब इससे चीन सीमा के साथ लगते क्षेत्रों से पलायन नहीं होगा। इसमें कुछ शर्तें लागू होंगी। जैसे यह क्षेत्र नेशनल पार्क, अभयारण्य, संरक्षित क्षेत्र यानी कंजर्वेशन रिजर्व, सामुदायिक संरक्षित, वन संरक्षित और डीपीएफ के अंतर्गत नहीं होना चाहिए। नौतोड़ के लिए प्रस्तावित भूमि में खड़े पेड़ों की संख्या दो से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह भूमि केवल घरेलू उपयोग के लिए मिलेगी और संबंधित व्यक्ति की किसी भी प्रकार के वन अपराधों में संलग्नता नहीं होनी चाहिए।

मंत्रिमंडल ने इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय शिमला में ट्रॉमा सेंटर और इमरजेंसी मेडिसन विभाग को कार्यशील करने तथा रोगियों की सुविधा के दृष्टिगत नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ के अतिरिक्त 136 पद सृजित कर भरने का भी निर्णय लिया गया।


उत्तर रेलवे

ई–नीलामी

मुरादाबाद मंडल के Moradabad स्टेशन के क्लॉक रूम को 5 साल के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई-नीलामी के तहत **दिनांक 09.08.2023** (टाइम 11:00 am) को बोली आमंत्रित करने की जानी है। ई-नीलामी www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

2305/23 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

टेंडर नं. DEN-IV/Publication/23 दिनांक 25.07.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियंता / समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेंडर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 115-DRM-MB-23-24 dt. 25.07.2023 |
| कार्य का नाम | Provision of RCC boundary wall at vulnerable / heavy tress passing location in MB-NBD section under ADEN/NBD |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक | 17.08.2023 |
| टेंडर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs |
| अनुमानित लागत | 3,01,56,004.13 |
| धरोहर राशि | 3,00,800.00 |
| टेंडर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| बिडिंग आंरभ तिथि | 03.08.2023 |

2299/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शतरंज विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे गुकेश, हंपी




बाकू (अजरबेजान), युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञाननंदा 30 जुलाई से 24 अगस्त तक यहां होने वाले शतरंज विश्व कप में चुनौती पेश करेंगे।

पुरुष और महिला खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता से 2024 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट (विश्व शतरंज चैंपियनशिप का चैलेंजर तय करने वाला टूर्नामेंट) के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। सत्रह साल के खिलाड़ियों गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों को पहले दौर में बाई मिली है और वे सीधे दूसरे दौर में उतरेंगे।

गुकेश अपने अभियान की शुरुआत चेंग बॉबी और इस्कांद्रोव मिस्त्रादिन के बीच होने वाले मैच के विजेता के खिलाफ करेंगे। गुकेश को तीसरे दौर में हमवतन एसएल नारायणन से भिड़ना पड़ सकता है बशर्ते वह अपने शुरुआती दो दौर के मुकाबले जीतने में सफल रहें।

प्रज्ञाननंदा दूसरे दौर में सेंटियागो डि मोरा और मैक्सिम लगार्डे के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले अन्य भारतीयों में अर्जुन एरिगेसी, विदित संतोष गुजराती, निहाल सरीन, बी अधिबान, अभिमन्यु पुराणिक और हर्षा भरतकोटि शामिल हैं। महिला टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई अनुभवी कोनेरू हंपी और डी हरिका करेंगी। इन दोनों को भी पहले दौर में बाई मिली है।

प्रज्ञाननंदा की बहन आर वैशाली, मैरी आन गोम्स, पीवी नंधिधा और दिव्या देशमुख भी महिला टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। विश्व कप 2023 के जरिए शीर्ष दो की जगह शीर्ष तीन खिलाड़ियों को अगले साल अप्रैल में कनाडा के टोरंटो में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और शीर्ष वरीय मैग्नस कार्लसन की नजरें पहली बार विश्व कप जीतने पर टिकी होंगी। मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहे। कार्लसन के अलावा इयान नेपोमनियाची, फाबियानो करूआना, हिकारू नाकामूरा, अनीष गिरी, वेस्ली सो और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के अलावा मेजबान अजरबेजान के दिग्गज तेमूर रादजाबोव और शखरियार मामेदयारोव तथा गत चैंपियन पोलैंड के यान क्रिस्टोफ डुडा हिस्सा लेंगे। महिला वर्ग में सभी की नजरें गत विश्व चैंपियन जू वेनजुन और एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना पर टिकी होंगी।

## आईसीसी से हरमनप्रीत को लगा झटका, खराब व्यवहार के चलते कौर 2 मैच के लिए बैन

नई दिल्ली, अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाली वीमेंस टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को आईसीसी से बड़ा झटका लगा हैं. इंटरनेशनल किक्रेट कांउसिल ने कौर को 2 इंटरनेशनल मैचों के लिए बैन कर दिया हैं. दरअसल बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में खराब व्यवहार और अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठाने के लिए टीम इंडिया के कप्तान को 2 इंटरनेशनल मैचों के लिए बैन कर दिया गया है. ऐसे में अब कप्तान आने वाले दो मैचों में टीम के लिए खेलती हुई नजर नहीं आयेगी. खिलाड़ी ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में आउट होने के बाद गुस्से में अपना बल्ला विकेट पर मारा दिया था.

साथ ही उन्होंने मैच खत्म होने के बाद अंपायरिंग के स्तर पर सवाल उठाए. जिसपर अब आईसीसी ने बड़ा एक्शन लिया है. आईसीसी ने हरमनप्रीत कौर को 2 इंटरनेशनल मैचों के लिए बैन कर दिया. भारतीय महिला क्रिक्रेट टीम हाल में ही बांग्लादेश के दौरे पर थी.

# पाकिस्तान की बिस्माह माहरूफ भी एशियाई खेलों से हटीं



कराची, आयशा नसीम के समय से पहले संन्यास के बाद पाकिस्तान की महिला क्रिक्रेट टीम को एक और झटका लगा जब पूर्व कप्तान बिस्माह माहरूफ 'बच्चों के साथ यात्रा नहीं करनेइ की एशियाई खेलों की नीति के कारण इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता से हट गईं।

पाकिस्तान ने इस तरह आगामी खेलों के लिए अपनी दो शीर्ष खिलाड़ियों को गंवा दिया।

आयोजकों ने प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों को खेलों के लिए अपने बच्चों के साथ यात्रा करने की स्वीकृति देने से इनकार कर दिया है जिसके बाद बिस्माह ने एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया।

पाकिस्तान क्रिक्रेट बोर्ड (पीसीबी) के महिला क्रिक्रेट प्रकोष्ठ की प्रमुख तानिया मलिक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि टीम को एशियाई खेलों में बिस्माह की सेवाएं नहीं मिलेंगी। तानिया ने पुष्टि की कि बिस्माह को टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह नियमों के काण खेल गांव में अपनी बेटी के साथ नहीं जा पाएंगी। इससे पहले 18 साल की ऑलराउंडर आयशा ने पीसीबी के सूचित किया कि वह निजी कारणों से क्रिक्रेट छोड़ रही हैं।

एशियाई खेलों से पहले पाकिस्तान की महिला टीम कराची में एक से 14 सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय (आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2022–25 का हिस्सा) मैच खेलेगी।पाकिस्तान ने 2010 में चीन के ग्वांगझू और 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में पिछले दो एशियाई खेलों में महिला क्रिक्रेट में स्वर्ण पदक जीते हैं। एशियाई खेलों में स्पर्धा टी20 प्रारूप में होगी।

# मलेशिया के सियाजरूल ने पुरूष टी20 में गेंदबाजी का रिकॉर्ड बनाया




कुआलालंपुर,मलेशिया के गुमनाम से तेज गेंदबाज सियाजरूल इद्रुस ने टी20 विश्व कप एशिया बी क्वालीफायर में सात विकेट लेकर अंतरराष्ट्रीय

पुरूष क्रिक्रेट में टी20 गेंदबाजी का नया रिकॉर्ड बनाया । इद्रुस ने आठ रन देकर सात विकेट लिये जिसकी मदद से मलेशिया ने चीन को आठ विकेट से हराया । इद्रुस ने सभी विकेट बोल्ड किये । अब तक 22 टी20 खेल चुके 32 वर्ष के इद्रुस ने नाइजीरिया के पीटर ओहो का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने सियरा लियोन के खिलाफ 2021 में पांच रन देकर छह विकेट लिये थे । आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्यों में भारत के दीपक चाहर के नाम टी20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड है जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2019 में सात रन देकर छह विकेट लिये थे । समग्र रूप से वह इस सूची में दिनेश नकरानी के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने युगांडा के खिलाफ 2021 में सात रन देकर छह विकेट लिये थे ।

नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरदिज्क के नाम महिला और पुरूष दोनों वर्गो में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड है जिन्होंने फ्रांस के खिलाफ 2021 में तीन रन देकर सात विकेट लिये थे । पुरूषों के टी20 क्रिक्रेट में 12 गेंदबाज छह या अधिक विकेट एक मैच में ले चुके हैं जिनमें चाहर, भारत के युजवेंद्र चहल, आस्ट्रेलिया के एश्टोन एगर और श्रीलंका के अजंता मेंडिस शामिल हैं । चीन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 . 2 ओवर में 23 रन पर आउट हो गई । उसका कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका । वेइ गुओ लेइ ने सर्वाधित सात रन बनाये । मलेशिया ने 4 . 5 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया । इस टूर्नामेंट के विजेता को नवंबर में नेपाल में होने वाले एशिया क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश मिलेगा जिसमें से शीर्ष दो टीमें 2024 में टी20 विश्व कप खेलेंगी ।

## बीसीसीआई ने जारी किया मार्च 2024 तक का कैलेंडर, कुल 16 इंटरनेशनल मैच खेलेगी भारत

नई दिल्ली, बीसीसीआई ने 25 जुलाई को मार्च 2024 तक का होम कैलेंडर जारी कर दिया है. इसके अनुसार टीम इंडिया मार्च तक कुल 16 इंटरनेशनल मुकाबले खेलेगी. अपने देश में वनडे विश्व कप की शुरुआत से पहले टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन वनडे मैच की सीरीज खेलेगी. दोनों टीमों के लिए यह सीरीज विश्व कप की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होगी. अपने घरेलू सीजन में टीम इंडिया कुल 16 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी, जिसमें पांच टेस्ट, तीन वनडे और आठ टी–20 मैच शामिल हैं. साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए टीम इंडिया अफगानिस्तान के खिलाफ जनवरी 2024 में तीन मैच की टी–20 सीरीज खेलेगी. भारतीय टीम वर्ल्डकप 2023 से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ सितंबर में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी.



पहला वनडे 22 सितंबर, दूसरा 24 सितंबर और तीसरा 27 सितंबर को खेला जाएगा. वर्ल्डकप खत्म होने के बाद 23 नवंबर से 3 दिसंबर के दौरान भारत घर पर ऑस्ट्रेलिया के साथ 5 टी–20 मुकाबले खेलेगा. 23 नवंबर, 26 नवंबर, 28 नवंबर, 1 दिसंबर और 3 दिसंबर को इन पांच मुकाबलों का आयोजन होगा. इस सीरीज के बाद अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें जनवरी–फरवरी में भारतीय दौरे पर आएंगी.

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीजः**

1. पहला वनडेः 22 सितंबर, दोपहर 1:30 बजे, मोहाली
2. दूसरा वनडेः 24 सितंबर, दोपहर 1:30 बजे, इंदौर
3. तीसरा वनडेः 27 सितंबर, दोपहर 1:30 बजे, राजकोट

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीजः

1. पहला टी20ः 23 नवंबर, शाम 7:00 बजे, विजाग
2. दूसरा टी20ः 26 नवंबर, शाम 7:00 बजे, तिरुवनंतपुरम
3. तीसरा टी20ः 28 नवंबर, शाम 7:00 बजे, गुवाहाटी
4. चौथा टी20ः 1 दिसंबर, शाम 7:00 बजे, नागपुर
5. पांचवां टी20ः 3 दिसंबर, शाम 7:00 बजे, हैदराबाद

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20ः

1. पहला टी20ः 11 जनवरी, मोहाली
2. दूसरा टी20ः 14 जनवरी, इंदौर
3. तीसरा टी20ः 17 जनवरी, बेंगलुरु

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीजः

1. पहला टेस्टः 25–29 जनवरी, हैदराबाद
2. दूसरा टेस्टः 2–6 फरवरी, विजाग
3. तीसरा टेस्टः 15–19 फरवरी, राजकोट
4. चौथा टेस्टः 23–27 फरवरी रांची
5. पांचवां टेस्टः 7–11 मार्च धर्मशाला

# फिल्मी दुनियां

# सूर्या के जन्मदिन पर जारी हुई कंगुवा की पहली झलक, दिशा पाटनी संग नजर आएंगे अभिनेता




दक्षिण भारतीय सिनेमा के मेगास्टार सूर्या पिछले काफी समय से अपनी फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसकी आज पहली झलक सामने आ गई है। मेकर्स ने अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की पहली झलक साझा कर प्रशंसकों को तोहफा दिया है। शिवा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के टीजर में अभिनेता एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं, जिसे देख हर कोई उनका मुरीद हो गया है।

सूर्या ने ट्विटर पर कंगुवा की झलक साझा करते हुए अलग–अलग भाषा में लिखा, क्या बात है। करीब 2 मिनट के वीडियो में जंगल की अंधेरी रात के बीच शक्तिशाली आदिवासी नेता कांगुवा दुश्मन के खिलाफ युद्ध छेड़कर अपना क्रोध प्रकट करते हुए नजर आ रहे हैं। एक शक्तिशाली और क्रूर योद्धा के रूप में सूर्या का लुक हैरान कर देने वाला है। फिल्म में धमाकेदार विजुअल के साथ पहले कभी न देखे गए एक्शन सीन भी देखने को मिलेंगे।कंगुवा की झलक सामने आने के बाद से प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। किसी को सूर्या का लुक पसंद आ रहा है तो कोई उनके हाव–भाव की तारीफ कर रहा है। एक ने लिखा, यह रोंगटे खड़े करने वाला है तो दूसरे ने सूर्या के आखिरी में आए क्लोज–अप शॉट की तारीफ करते हुए लिखा, मुझे उम्मीद है शिवा और उनकी टीम धमाकेदार वापसी करेगी। अभी तक इस टीजर को 5 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है।स्टूडियो ग्रीन ने 2024 की शुरुआत में दुनियाभर में बड़े पैमाने पर फिल्म को रिलीज करने के लिए शीर्ष वितरकों के साथ अनुबंध किया है। अभी फिल्म की पहली झलक को 5 भाषाओं में जारी किया गया, जिसमें हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्न–ड़ शामिल हैं। जल्द ही अन्य भाषाओं में भी यह उपलब्ध होगी। यह फिल्म 10 अलग–अलग भाषाओं में 3डी में रिलीज होगी, जो दर्शकों को एक नए तरह का अनुभव देगी।कंगुवा में सूर्या के साथ दिशा पाटनी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं, जो इससे तमिल सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म के अन्य कलाकारों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## ड्रीम गर्ल 2 का नया पोस्टर आया सामने, आयुष्मान खुराना ने अपने अनोखे अवतार से जीता दिल

ड्रीम गर्ल 2 की एक झलक भर पाने के लिए लोगों का उत्साह तेज होता जा रहा है और ऐसा हो भी क्यों न आखिर ड्रीम गर्ल पूजा के दीवानों की लिस्ट इंडस्ट्री के सभी बड़े सुपरस्टार्स से भरी जो पड़ी है, जिसमें लेटेस्ट एंट्री रॉकी की हुई है। हालांकि ड्रीम गर्ल की प्रेम कहानी की हालिया झलक में भी जब उनके सुंदर मुखड़े का दीदार नही हुआ, तो लोगों की बेकरारी का लेवल और बढ़ गया। पर अब लगता है कि ड्रीम गर्ल की झलक देखने का ड्रीम पूरा होने को आया है फिल्म के एक नए और दिलचस्प पोस्टर के साथ। ये पोस्टर पहले से ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें आयुष्मान खुराना को एक आकर्षक नए अवतार में दिखाया गया है। वाइब्रेंट पर्दे के पीछे से बाहर निकलते ही दर्शकों को केवल उनका चेहरा ही दिखाई देता है। जो चीज़ वास्तव में हर किसी का ध्यान खींचती है वह है आयुष्मान के किरदार पूजा का उल्लेखनीय ट्रांसफॉर्मेशन, जो फेमिनिन लुक में कमाल लगती है, जिससे फैन्स को अगली कड़ी की कहानी की दिशा के बारे में उत्सुकता होती है।

# हंसल मेहता की फिल्म से होश उड़ाएंगी करीना कपूर



निर्देशक हंसल मेहता पिछले कई दिनों से करीना कपूर खान के साथ एक फिल्म करने को लेकर चर्चा में हैं। इसके जरिए उन्हें पहली बार करीना संग काम करने का मौका मिला है और वह उनके मुरीद हो गए हैं। मेहता ने जब से करीना के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू की है, वह कई बार उनकी तारीफों के पुल बांध चुके हैं। हाल ही में उन्होंने करीना और फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर बातचीत की। मेहता ने कहा, करीना के साथ काम करना खुशी की बात है। उनमें बिल्कुल भी अहम नहीं है। मेरा उनके साथ बिल्कुल वैसा ही तालमेल है, जैसा राजकुमार राव, मोहम्मद जीशान अय्यूब और करिश्मा तन्ना के साथ है। उन्होंने कहा, करीना के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। हमने शूटिंग का पूरा लुत्फ उठाया। करीना सचमुच एक बेहद शानदार अदाकारा हैं। उनकी जितनी तारीफ की जाए, उतनी कम है। मेहता कहा, करीना का किरदार फिल्म में ऐसा है, जो उन्होंने इससे पहले आज तक नहीं किया। इस थ्रिलर फिल्म में करीना पुलिस की वर्दी पहने नजर आएंगी। वह फिल्म में एक दमदार पुलिसकर्मी की भूमिका में दिखेंगी। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मैं यह कहूंगा कि इस फिल्म के जरिए एक नई करीना आप सबके बीच आने वाली हैं। उनका किरदार उनकी पिछली फिल्मों से बिल्कुल जुदा है। उनकी फिल्मोग्राफी में एक बिल्कुल नई फिल्म जुड़ने जा रही है।मेहता की इस फिल्म की कहानी लंदन में सेट की गई है, जो पुलिस के इर्द–गिर्द घूमती है। करीना का किरदार इस फिल्म के केंद्र में होगा। मेहता के मुताबिक, अभी तक करीना को दर्शकों ने ज्यादातर मसालेदार या रोमांटिक फिल्मों में देखा होगा,


# बवाल की सक्सेस पर इमोशनल हुईं जान्हवी कपूर, फैंस को ऐसे किया थैंक्यू



वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर बवाल हाल ही में एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी. नितेश तिवारी की डायरेक्शन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा में पहली बार दोनों स्टार ने एक साथ काम किया है. फिल्म को सोशल मीडिया पर पॉजिटिव रिव्यू मिल रही है. वहीं वरुण और जान्हवी को उनके परफॉर्मेंस के लिए काफी तारीफ भी मिल रही है. रविवार को, जान्हवी ने अपने फैंस को बवाल पर प्यार देने के लिए धन्यवाद कहा, जिसके लिए एक्ट्रेस ने एक लंबा नोट शेयर किया.

फिल्म बवाल की रिलीज के कुछ दिनों बाद, जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के लिए एक नोट लिखा. जान्हवी ने उनके परफॉर्मेंस की सराहना करने और बवाल में उनके किरदार निशा पर प्यार बरसाने के लिए फैंस का आभार जताया. उन्होंने फिल्म के को– एक्टर वरुण धवन के साथ अपनी तस्वीरें भी शेयर कीं. एक्ट्रेस ने लिखा, आपका प्यार... बवाल रहा है... निशा को आपके प्यार के लिए, अज्जू को सुधारने के लिए, हमारी कहानी और काम को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद...

# राकेश रोशन द रोमांटिक्स की तरह रोशन परिवार पर बनाएंगे डॉक्युमेंट्री



राकेश रोशन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपने पिता और लोकप्रिय संगीतकार रोशनलाल नागरथ को श्रद्धांजली दी थी। अब खबर है कि वह रोशन परिवार और सिनेमा जगत में उसके योगदान पर एक डॉक्युमेंट्री बनाने जा रहे हैं। रोशन परिवार की 3 पीढियां सिनेमा जगत में सक्रिय रही हैं और अपने–अपने क्षेत्र में सभी ने उम्दा काम किया है। ऐसे में डॉक्युमेंट्री के रूप में इसे सहेजना दर्शकों के लिए भी दिलचस्प होगा।खबर के अनुसार, राकेश रोशन, रोशन परिवार पर एक डॉक्युमेंट्री बनाने जा रहे हैं। यह डॉक्युमेंट्री परिवार की 3 पीढियों के योगदान को दिखाएगी, जिसकी शुरुआत संगीत निर्देशक रोशन लाल से होगी। रोशन लाल 50–60 के दशक में लोकप्रिय संगीत निर्देशकों में शुमार थे। उनके बाद उनके बेटे राकेश और राजेश रोशन ने फिल्म निर्माण में कदम रखा और बॉलीवुड को एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। अब ऋतिक रोशन बॉलीवुड के सुपरस्टार में से एक हैं।

रोशन परिवार पर आधारित यह डॉक्युमेंट्री सितारों से सजी होगी, जिसमें अलग–अलग कलाकार रोशन परिवार के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करेंगे। इसमें कलाकारों के खास इंटरव्यू शामिल किए जाएंगे और पुराने संजोए हुए फुटेज भी दिखाए जाएंगे। ऐसे में न सिर्फ रोशन परिवार की, बल्कि सिनेमा जगत की कई यादगार और रोचक कहानियां सामने आ सकती हैं। इस बात से बॉलीवुड प्रशंसक भी काफी उत्साहित हैं।इसी साल नेटफ्लिक्स ने इसी तरह की डॉक्यू सीरीज द रोमांटिक्स जारी की थी। इस सीरीज में बॉलीवुड में यश चोपड़ा और यशराज फिल्म्स के योगदान को दिखाया गया था। सीरीज में अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, रणवीर सिंह समेत कई हस्तियों ने वाईआरएफ और यश चोपड़ा के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया था। इस सीरीज के बहाने कभी–कभी, दीवार जैसी सदाबहार फिल्मों के पर्दे के पीछे की कहानियां सामने आई थीं।

राकेश रोशन और ऋतिक रोशन काफी समय से कृष 4 के लिए चर्चा में हैं। दर्शक लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर तरह–तरह की खबरें आती रहती हैं। एक इंटरव्यू में राकेश ने बताया था कि अभी फिल्म को बनाने में समय लगेगा। फिल्म पर काम 2024 के अंत में ही शुरू होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म करण मल्होत्रा इस फिल्म का निर्देशन करेंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com